RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 336 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 2 अक्टूबर 2023






पेज -4 पर कांग्रेस का नया फरेब मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना...

छत्तीसगढ़ सिख समाज राज्य स्तरीय सम्मेलन में रविंद्र सिंह भाटिया उपस्थित रहे पेज -8 पर






## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश

651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुडेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### बावन परियो पर दाव लगाते 19 जुआरी गिरफ्तार



**रायपुर।** आजाद चौक थाना पुलिस ने जुआ खेलते 19 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। जुआरियों ने सरकारी भवन को अपना अड्डा बनाकर रखा था। इनके पास से 81 हजार 500 रुपये नकद, ताशपत्ती और 18 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोपितों के विरूद्ध थाना आजाद चौक में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 एवं 05 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात थाना आजाद चौक पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत स्थित सोनकर पारा स्थित शिव मंदिर के पीछे सार्वजनिक भवन में कुछ व्यक्ति पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

# बुजुर्ग समाज के प्रकाश-स्तंभ हैं, उनके अनुभवों के प्रकाश में नयी पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं - भूपेश बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया।








मुख्यमंत्री श्री बघेल संवेदनशीलता के साथ मंच से उतरकर स्वयं बुजुर्गों के पास पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर, चश्मा और हियरिंग एड सहित 825 सहायक उपकरण भी प्रदान किए। इस अवसर पर सभी जिलों के लगभग साढ़े छः हजार से अधिक वरिष्ठजन उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मानव जीवन की तीन प्रमुख अवस्थाएं हैं- बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था। मनुष्य की वृद्धावस्था उसके जीवनभर के ज्ञान और अनुभवों का निचोड़ है, उसकी जीवनभर की तपस्या का संचय है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग हमारे समाज के प्रकाश-स्तंभ हैं। उनके अनुभवों के प्रकाश में ही नयी पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि बुजुर्गों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता हैं।

श्री बघेल ने कहा है कि नये दौर के समाज में हमारे पुरातन जीवन-मूल्य बहुत पीछे छूटते जा रहे हैं। बुजुर्गों ने जीवनभर जिन लोगों के लिए मेहनत की, त्याग किया वे उन्हीं के द्वारा उपेक्षित कर दिए जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए सियान हेल्प लाइन नम्बर शुरू किया गया है। इस हेल्पलाईन का उपयोग दिव्यांग, विधवा और उभयलिंगी व्यक्ति भी कर सकते हैं। सियान हेल्पलाइन सेंटर और टोल फ्री नंबर के सेटअप की स्थापना के लिए बजट में एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हेल्पलाइन नंबर पर अभी तक 76 हजार से ज्यादा कॉल आ चुके हैं, इनमें से 1493 कॉल बुजुर्गों ने किए हैं। हमें खुशी है कि इस हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से हम बुजुर्गों की मदद कर पा रहे हैं।

*श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने निराश्रितों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा तथा परित्यक्ता महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत दी जाने वाली मासिक पेंशन की राशि को 350 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिमाह कर दिया है। प्रदेश के 13 लाख से ज्यादा बुजुर्गजन मासिक पेंशन योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा राज्य सरकार बुजुर्गों को 49 हजार आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण भी कर चुकी है। राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की गई है। इससे उनके बुढ़ापे में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राज्य सरकार द्वारा सियान जतन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है।*

**दिल्ली में बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की अहम बैठक**

# छत्तीसगढ़ से साव-रमन और ओपी चौधरी पहुंचे, टिकट और चुनावी रणनीति पर चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में रविवार को बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। इस बैठक में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल हो सकते हैं। इस बैठक में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह और ओपी चौधरी समेत कई नेता दिल्ली में हैं। शनिवार रात यह सभी नेता अलग-अलग गाड़ियों से एयरपोर्ट पहुंचे थे। मीडिया से कोई बातचीत नहीं की गई। हालांकि पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में अब छत्तीसगढ़ के चुनावी माहौल को लेकर अंतिम दौर के बातचीत के बाद सभी नेता एक्शन में जुट जाएंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश को लेकर भी चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़ में 21 सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान भारतीय जनता पार्टी कर चुकी है। 69 सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान किया जाना है। जल्द ही यह सूची जारी की जाएगी। इस बैठक में सूची के अलावा किस अंदाज में चुनाव लड़ना, किन मामलों पर फोकस करना, घोषणापत्र में किन मुद्दों को प्रमुखता से लाया जाएगा, किस जाति-वर्ग पर अधिक फोकस करना है।

# राज्यपाल हरिचंदन स्वच्छता पखवाड़े में शामिल हुए



**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन आज यहां 01 अक्टूबर से प्रारंभ हुए स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लिया। इस अभियान में रायपुर इंस्ट्टियूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) के विद्यार्थियों ने भी उत्साह से भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की और जनप्रतिनिधियों सहित आम जनता से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता पर अत्यधिक जोर देते थे। वे स्वच्छता को सेवा मानते थे। श्री राज्यपाल ने विद्यार्थियों से न केवल पूरे पखवाड़े में बल्कि हमेशा अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

# मुख्यमंत्री बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें किया नमन

### छत्तीसगढ़ में समरसता और सांप्रदायिक सद्भाव की जो अलख बापू ने जगाई वह आज भी प्रेरित कर रही है - मुख्यमंत्री



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है। महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा है कि महात्मा गांधी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में सुराजी गांव योजना शुरू कर नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी को नये रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत बने गौठान अब आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। गोधन न्याय योजना के माध्यम से पशुपालकों और ग्रामीणों से गोबर और गोमूत्र खरीदा जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है। श्री बघेल ने कहा कि गांधी जी ने सबकी अच्छी सेहत के लिए कई प्रयोग किए इसलिए हमने सार्वभौम स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिता दी है। छत्तीसगढ़ में 2019 में गांधी जयंती के दिन से ही कुपोषण के खिलाफ निर्णायक जंग का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके फलस्वरूप प्रदेश के 02 लाख 65 हजार बच्चे कुपोषण मुक्त हो चुके हैं।

# छत्तीसगढ़ में बनेगी कांग्रेस की सरकार-नेटा डिसूज़ा

### आरक्षण के नाम पर महिलाओं को ठगने का किया काम



**रायपुर।** आज यानी रविवार को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होनी है. इससे पहले महिला कांग्रेस प्रमुख नेटा डिसूजा ने भाजपा और मोदी सरकार को कई मुद्दे पर घेरा है. साथ ही कांग्रेस की सरकार बनने का भी दावा किया है. उनका कहना है कि, लोगों की खुशहाली के लिए कांग्रेस की सरकार बनेगी. ग्राउंड रिपोर्ट बता रही है कि, लोग कांग्रेस से खुश हैं.

आगे नेटा डिसूजा ने महिला आरक्षण पर कहा, सवाल खड़े हो रहे है और खड़े होने चाहिए. मोदी सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है. साढ़े 9 वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी से लेकर बढ़ते अपराधों से महिला परेशान है. नए संसद में महिलाओं को रुझाने के लिए महिलाओं को ठगने का काम किया है. 2034 में यह रिजर्वेशन लागू होगा. सहीं में करना था तो तुरंत कर सकते थे. जब नोटबंदी करनी थी या आर्टिकल पास करना था तब समझ नहीं आया कि, वहां रिजर्वेशन रखना चाहिए था. महिला रिजर्वेशन बिल से आक्रोश महिलाओं में बहुत ज्यादा है. इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब 33त्न महिला रिजर्वेशन तुरंत लागू होगा. नेटा डिसूजा ने आगे कहा, कांग्रेस ने देश में महिला राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए काम किया है. 15 लाख के करीब महिलाएं लोकल बॉडी इलेक्शन में चुनाव लड़कर क्यों आई है।

# 4 अक्टूबर को खड़गे, 6 अक्टूबर को प्रियंका का दौरा

***रायगढ़ में भरोसे का सम्मेलन में शामिल होंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रियंका आएंगी कांकेर***



**रायपुर।** 4 अक्टूबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। वहीं प्रियंका गांधी 6 अक्टूबर को प्रदेश दौरे पर आ रहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे रायगढ़ में होने वाले भरोसे के सम्मेलन शामिल होंगे। वहीं प्रियंका कांकेर में होने वाले पंचायती राज्य एवं नगरीय निकाय सम्मेलन में शामिल होंगी।

चुनावी साल में खड़गे का यह पांचवा छत्तीसगढ़ दौरा है। साथ ही प्रियंका गांधी भी चौथी बार प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। खड़गे 28 सितंबर को ही बलौदाबाजार पहुंचे थे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह पांचवां दौरा होगा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस साल पांचवीं बार छत्तीसगढ़ आएंगे। खड़गे का पहला दौरा नवा रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुआ था। इसके बाद जांजगीर में उनकी सभा आयोजित की गई थी। यहां भरोसे का सम्मेलन में मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा अनुसूचित जाति वर्ग बहुल जांजगीर-चांपा जिले की सीटों को ध्यान में रखकर कराई गई थी। खड़गे का तीसरा दौरा राजनांदगांव जिले में हुआ था। यहां भी भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसके बाद चौथी बार वे 28 सितंबर को बलौदाबाजार पहुंचे थे।

## गौठान में गाय की मौत का मामला

# निगम की दो टूक-30 सितम्बर को एक भी मौत नही,सभी आरोप झूठे और निराधार,सर्वसुविधायुक्त है पूरी जगह




**रायपुर।** रायपुर के जरवाय स्थित गौठान में 6 गायों की मृत हालात में मिलने को लेकर सियासी हंगामा जारी है। इस बीच रायपुर नगर निगम ने रविवार को दावा किया है कि 30 सितंबर को इस गौठान में एक भी गाय की मौत नहीं हुई है। साथ ही निगम ने ऐसे सभी आरोपों को झूठा और निराधार बताया है।

दरअसल रायपुर के जरवाय स्थित गौठान में बीतें तीन दिनों से कुछ गायों की मौत की खबर थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता मुआयना करने पहुंचे थे। जहां की बदहाल स्थिति देखकर उन्होंने धरना प्रदर्शन चालू कर दिया था साथ ही दोषियों पर FIR करने को लेकर 24 घण्टे का अल्टीमेटम भी दिया था। इसके बाद से लगातार इस मामलें को लेकर निगम प्रशासन बैकपुट पर था। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने इस मामलें में दोषियों पर 24 घण्टे के भीतर FIR की चेतावनी दी थी।

निगम ने मीडिया को दी जानकारी में कहा गया है कि जरवाय गौठान का मेंटेनेंस निगम खुद अपनी निगरानी में करती है। इस गौठान में पानी,चारे और पशुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए डॉक्टरों की टीम भी मौजूद हैं। जो नियमित रूप से देखभाल करती है। इसके अलावा यहां पर दुर्घटनाग्रस्त बीमार और वृद्ध मवेशियों का भी इलाज किया जा रहा है। यहां चारे और पानी के लिए एजेंसी की व्यवस्था की गई है। आगे निगम प्रशासन ने कहा कि 6 गायों की मौत के संबंध में जो सूचना मिली है। वह पूरी तरह झूठ और निराधार है। 30 सितंबर 2023 को एक भी गाय की मौत नहीं हुई है।

# बापू का व्यक्तित्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और प्रेरणा

स्वदेशी/मेक इन इंडिया, राष्ट्रीयता की समझ और अवधारणा, योग, सामाजिक समरसता, हाशियाकृत समाज के उत्थान की चिंता, विश्वबंधुत्व आदि पर जोर के नज़रिए से महात्मा गांधी जी और नरेंद्र मोदी जी, दोनों के विचार समान कहे जा सकते हैं। स्वाभाविक रूप से इनके चिंतन को 'गांधी–मोदी मार्ग या गांधी–मोदी दर्शन की संज्ञा दी जा सकती है।

भारत के आधुनिक इतिहास में महात्मा गांधी और नरेंद्र मोदी दोनों अलग–अलग युगों और विचारधाराओं द्वारा चिह्नित एवं प्रशंसित, चिरस्मरणीय, स्मारकीय दो महान हस्ताक्षर के रूप में खड़े हैं, फिर भी जनता को जगाने और सामाजिक उत्थान के अपने अविस्मरणीय साहसी प्रयासों की दृष्टि से एक साथ बंधे हुए हैं। गांधी जी के अथक प्रयास, अकाट्य तर्क और अडिग संकल्प ने अहिंसक विरोध एवं प्रतिरोध की दुर्जेय–अपराजेय ऊर्जा का उपयोग किया और ब्रिटिश औपनिवेशिक साम्राज्यवाद की दमनकारी नीतियों एवं अत्याचारी शासन के विरूद्ध भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट किया। उनका प्रतीकात्मक नमक मार्च, नागरिक अवज्ञा की प्रभावशीलता का एक अचूक प्रमाण है, जिसने आम नागरिकों को अन्यायपूर्ण कानूनों का सामना करने के लिए सशक्त बनाया। इस प्रकार अपने अदम्य साहस और संकल्प से उन्होंने स्वतंत्रता के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को जन्म दिया।

इसके विपरीत, चुंबकीय आकर्षण से संपृक्त अनुपमेय करिश्माई व्यक्तित्व के धनी समकालीन भारतीय राजनीति के प्रखर और कुशल नेतृत्वकर्ता माननीय नरेंद्र मोदी ने आधुनिक भारत के अपने भव्य और महान दृष्टिकोण के आसपास लाखों–लाखों लोगों को एकत्र करने के लिए बहुत चतुराई और सूझबूझ से युगपरिवेश की अपेक्षाओं के अनुरूप तकनीकी उपकरणों और संसाधनों का कौशलपूर्ण उपयोग किया।



उनकी आकर्षक एवं चुंबकीय करिश्माई उपस्थिति ने विशाल रैलियों के लिए उत्प्रेरक का कार्य किया, जहां उनकी प्रेरक वाक्पटुता और अटूट विश्वास ने जनता में राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं अटूट देशभक्ति का व्यापक जुनून जगाया। उनके द्वारा प्रेरित 'स्वच्छ भारत' जैसी पहल ने न केवल राष्ट्रीय प्रगति के प्रति उनके समर्पण को प्रदर्शित किया, बल्कि इसमें व्यापक सार्वजनिक भागीदारी भी विकसित की, जिससे नागरिकों को देश के इस महत् उपक्रम को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

संक्षेप में, समय और अलग–अलग विचारधाराओं के कारण अलग–अलग होने के बावजूद, महात्मा गांधी और नरेंद्र मोदी दोनों ने महान आदर्शों की खोज में जनता को एकजुट करने और संगठित करने की अपनी उल्लेखनीय क्षमता के साथ भारतीय इतिहास के ताने–बाने को अमिट रूप में अंकित किया है।

भू–राजनीतिक एवं आर्थिक झड़पें एवं विवाद वर्तमान दौर में प्रायः वैश्विक कैनवास पर व्यापक रूप से सामने आ रहे हैं, जो भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक आत्मनिर्भर घरेलू बाजार के बुनियादी ढांचे को रणनीतिक रूप से उपयोग और लागू करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्वदेशी आंदोलन, स्वदेशी मेड इन इंडिया उत्पादों और योग जैसी सांस्कृतिक विरासत एवं उपलब्धियों की वकालत में गहराई से जुड़ा हुआ है। इनकी ऐतिहासिक विचारधारा महात्मा गांधी द्वारा रखी गई तथा उनके द्वारा स्थापित वैचारिक आधारशिला से हुई है, जिसकी प्रतिध्वनि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली समकालीन नीतियों के माध्यम से गूंजती है। आत्मनिर्णय के लिए भारत के लंबे संघर्ष के दौरान स्वदेशी के लिए महात्मा गांधी के स्पष्ट आह्वान की गूंज पर्याप्त रूप से सुनाई देती है। उनके मौलिक ग्रंथ हिंद स्वराज से इसका स्पष्ट प्रमाण मिलता है। उसमें दिए गए प्रभावी लोकाचार में आत्मनिर्भरता और विदेशी वस्तुओं के दृढ़ त्याग के गुणों की प्रशंसा की गई है। ब्रिटिश वस्त्रों और नमक के सुनियोजित बहिष्कार जैसे साधारण , किंतु प्रभावी उपायों के माध्यम से शक्ति में वृद्धि करनेवाला यह आंदोलन, सन् 1930 ई. के प्रतिष्ठित दांडी मार्च के साथ शानदार ढंग से चरम पर पहुंच गया। ऐतिहासिक पूर्ववृत्त में विद्वतापूर्ण कौशल के साथ, प्रख्यात आर्थिक इतिहासकार तीर्थंकर रॉय की गहन विद्वता उसकी गहरी छाप को उजागर करती है। स्वदेशी भारतीय उद्योगों पर स्वदेशी आंदोलन का प्रभाव। रॉय की सूक्ष्म व्याख्या कपड़ा, कागज और रासायनिक विनिर्माण क्षेत्रों के स्वायत्त विकास को बढ़ावा देने में आंदोलन की उत्प्रेरक भूमिका को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है, जिससे गांधी द्वारा समर्थित आत्मनिर्भरता के लोकाचार की पुष्टि होती है। समसामयिक आख्यानों के संदर्भ में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वास्तुशिल्प रूप से कल्पना की गई दूरदर्शी मेक इन इंडिया अभियान, स्वदेशी विनिर्माण को फिर से मजबूत करने और विदेशी निवेश के प्रवाह को बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट रैली के रूप में उभरता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा प्रस्तुत अनुसंधान स्पष्ट रूप से इस प्रयास से मेल खाता है, जो कई गुना विनिर्माण क्षेत्रों पर अभियान के परिवर्तनकारी प्रभावों और लाभकारी रोजगार के अवसरों के परिणामी प्रवर्धन को बढ़ाता है। इसके अलावा, योग की प्रतिष्ठित परंपरा के लिए मोदी की विश्व स्तर पर गूंजती वकालत इसके प्राचीन, समग्र और स्वास्थ्य–प्रदाता सिद्धांतों से पोषण लेती है। द लांसेट द्वारा विविध अध्ययनों की सूक्ष्म समीक्षा मानसिक कल्याण, तनाव क्षीणन और समग्र शारीरिक सद्भाव पर लाभकारी प्रभाव उत्पन्न करने में योग की स्पष्ट प्रभावकारिता को उजागर करती है।

प्रो. (डॉ.) जसीम मोहम्मद

## संपादकीय

### विपक्ष के तो वादे भी छोटे हैं

सोचें, नरेंद्र मोदी ने कहां से शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर 2014 में मैदान में उतरे तब काले धन का जुमला बोला था और कहा था कि विदेशों में इतना काला धन है कि अगर वापस आ जाए तो हर भारतीय के खाते में 15–15 लाख रुपए आ सकते हैं। इसके जवाब में विपक्षी नेता क्या कह रहे हैं कि जीते तो खातों में दो–दो हजार या तीन–तीन हजार रुपए डालेंगे। सोचें, कहां 15 लाख और कहां तीन हजार रू! दे तो मोदी भी दो– तीन हजार ही दे रहे हैं लेकिन उन्होंने वादा 15 लाख रू का किया था। यहां विपक्ष वादा ही दो–तीन हजार रुपए का का कर रहा है।

अदानी–अंबानी से ले कर 25–50 लाख रू का क्यों नहीं कर रहा? मोदी ने किसानों को दी है छह हजार रुपए की सालाना रेवड़ी लेकिन कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। इसके जवाब में विपक्षी पार्टियां क्या कह रही हैं? किसानों के लिए उनका क्या वादा है? सिर्फ इतना कि कर्ज माफ कर देंगे। क्या इससे काम चलेगा? किसानों की आय कम से कम चार गुनी कर देना का वादा करना चाहिए। प्रधानमंत्री बनते ही 2014 के दो अक्टूबर को मोदी ने स्वच्छता अभियान शुरू किया और थोड़े दिन के अभियान के बाद घोषित कर दिया कि देश स्वच्छ हो गया और खुले में शौच से मुक्त हो गया। यह अलग बात है कि राजधानी दिल्ली में अहले सुबह बाहर निकल जाइए तो हजारों लोग बोतल में पानी लेकर शौच के लिए जाते दिख जाएंगे। मोदी के स्वच्छता के जवाब में विपक्ष के पास क्या एजेंडा है?

## को लेकर मोदी सरकार को घेर रहे राहुल गांधी क्या इस मुद्दे पर कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड जानना चाहेंगे

यहां एक बात और समझने की जरूरत है कि जहां तक केंद्र सरकार के पदों में ओबीसी को आरक्षण की बात है तो यह 1993 में पेश किया गया था और इसके तहत पहली नियुक्ति पाने वाले अधिकारीगण 1995 बैच के थे जोकि अब तक सचिव रैंक तक नहीं पहुँचे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिना किसी तथ्य के मोदी सरकार पर तमाम मुद्दों को लेकर हमले बोलते हैं। इसी कड़ी में आजकल वह जाति जनगणना की मांग करते हुए मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि देश को चला रहे अधिकारियों में मात्र तीन केंद्रीय सचिव ही ओबीसी समुदाय से हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि इस मामले में कांग्रेस का अपना खुद का ट्रैक रिकॉर्ड क्या है? इस समय देखें तो कांग्रेस चार राज्यों– छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में अपने बलबूते सरकार चला रही है। इन चारों ही राज्यों में मुख्य सचिव सामान्य श्रेणी से संबद्ध हैं। इसी प्रकार यदि हम कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया पर नजर दौड़ाएं तो पाएंगे कि वहां भी ओबीसी को ज्यादा प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और केरल के मुख्य सचिव भी अपर कास्ट से संबद्ध हैं जबकि तमिलनाडु एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां मुख्य सचिव शिव दास मीणा एसटी श्रेणी से संबद्ध हैं। यही नहीं, सरकारी रिकॉर्ड यह भी दर्शाते हैं कि 1985 से 1989 तक जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे, तब केंद्र में सचिव पद पर कोई भी अधिकारी आरक्षित वर्ग यानि एससी/एसटी श्रेणी से नहीं था। अगर हम 2023 के हालात को देखें तो केंद्र में सात सचिव एससी श्रेणी और पांच एसटी श्रेणी से हैं। इसी प्रकार यदि हम 2014 के आंकड़ों पर



नजर दौड़ाएं तो उस समय केंद्र में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त–सचिव पद पर ओबीसी समुदाय से संबंधित सिर्फ दो ही अधिकारी थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में इन पदों पर ओबीसी अधिकारियों की संख्या 2 से बढ़कर 63 हो चुकी है। हम आपको यह भी बता दें कि आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में केंद्र सरकार में प्रधान सचिव और सचिव पद पर काम करने वाले सभी अधिकारी सामान्य श्रेणी से ही थे।

यहां एक बात और समझने की जरूरत है कि जहां तक केंद्र सरकार के पदों में ओबीसी को आरक्षण की बात है तो यह 1993 में पेश किया गया था और इसके तहत पहली नियुक्ति पाने वाले अधिकारीगण 1995 बैच के थे जोकि अब तक सचिव रैंक तक नहीं पहुँचे हैं। देखा जाये तो किसी भी आईएएस अधिकारी को अपना कॅरियर शुरू करने से लेकर केंद्र में सचिव पद तक पहुँचने तक लगभग ढाई से तीन दशक तक का समय लग जाता है। इसलिए राहुल गांधी ने जब यह कहा कि केंद्र में ओबीसी को पर्याप्त संख्या में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है तो एक बार फिर साबित हो गया कि वह बिना जाने समझे कुछ भी कह देते हैं। यही नहीं राहुल गांधी ने महिला आरक्षण विधेयक में भी ओबीसी के लिए आरक्षण की वकालत की जबकि मनमोहन सरकार जब यह विधेयक लायी थी तब कांग्रेस ने भी उसमें ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं किया था। यही नहीं, राहुल गांधी आज जिस जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं उसके बारे में उन्हें यह जवाब भी देना चाहिए कि साल 2011 में जब उनकी पार्टी की सरकार ने देश में जनगणना कराई थी तो उसने जातिगत आंकड़ों को क्यों नहीं जारी किया था?

बहरहाल, विपक्ष का काम सरकार पर सवाल उठाना है इसमें कोई दो राय नहीं। लेकिन सवाल का आधार पुख्ता होना चाहिए। साथ ही सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में भी झांक कर देखना चाहिए। आज राहुल गांधी जो भी सवाल उठाते हैं उनसे पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर भी सवाल उठ जाते हैं। राहुल गांधी को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओबीसी से संबद्ध हैं और गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में राहुल गांधी को जवाब दे ही चुके हैं कि देश को सचिव नहीं बल्कि सरकार चलाती है और मोदी सरकार के सांसदों में ओबीसी की संख्या कांग्रेस के कुल सांसदों से ज्यादा है। अमित शाह ने बताया था कि मोदी सरकार में 29 फीसदी यानि 85 सांसद ओबीसी से हैं और 29 केंद्रीय मंत्री भी ओबीसी से ही संबद्ध हैं।

– नीरज कुमार दुबे

## मिला जुला

## एक अक्टूबर से वंदे भारत ट्रेन की सफाई महज 14 मिनट में होगी– रेल मंत्री

**नई दिल्ली।** वंदे भारत ट्रेनों की सफाई अब चंद मिनटों में हो जाएगी। जानकारी के मुताबिक पहले वंदे भारत ट्रेनों की सफाई में काफी समय लगता था लेकिन अब भारतीय रेलवे एक अक्टूबर से ट्रेन की तेज गति से सफाई के लिए ' चमत्कारिक 14 मिनट' की अवधारणा अपना रहा है। इसकी शुरुआत 29 वंदे भारत ट्रेन से देशभर में स्थित उनसे संबंधित गंतव्य स्टेशनों से होगी। इसकी औपचारिक शुरुआत रेल मंत्री अश्विनी वैष्वण दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से करेंगे। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि समय पालन में सुधार की पहल के तहत वंदेभारत ट्रेन की सफाई 14 मिनट में की जाएगी।



### अनोखी अवधारणा को रेलवे ने अपनाया

रेल मंत्री ने कहा, ''यह अनोखी अवधारणा है और जिसे पहली बार भारतीय रेलवे में अपनाया गया है।'' यह पहल जापान के ओसाका, टोक्यो आदि जैसे विभिन्न स्टेशनों पर 'चमत्कारिक 7 मिनट' की अवधारणा पर आधारित है, जहां सभी बुलेट ट्रेन को सात मिनट के भीतर साफ करके दूसरी यात्रा के लिए तैयार किया जाता है। मंत्री ने कहा कि इस गतिविधि में पहले से लगे अग्रिम पंक्ति के कार्यबल की संख्या में वृद्धि किए बिना सफाई कर्मियों की दक्षता, कौशल और कामकाजी रवैये को बढ़ाकर यह सेवा संभव बनाई गई है। दिल्ली कैंट के अलावा जिन अन्य रेलवे स्टेशन पर इसे शुरू किया जाएगा उनमें वाराणसी, गांधीनगर, मैसुरु और नागपुर शामिल हैं।

### शुरू करने से पहले ड्राई रन होगा

मंत्री ने कहा, ''इस अवधारणा की शुरुआत करने से पहले रेलवे ने कुछ अभ्यास (ड्राई रन) किए जिसके तहत परिचारकों ने पहले ट्रेन को लगभग 28 मिनट में साफ किया और फिर सुधार करके इस समय को कम करके 18 मिनट किया। अब बिना किसी नई तकनीक को शामिल किए ट्रेन की सफाई में केवल 14 मिनट लगेंगे।'' मंत्री ने कहा कि बाद में धीरे–धीरे इस अवधराणा को अन्य ट्रेन में भी शामिल किया जाएगा। 'स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू किया है, जिसके तहत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने नयी दिल्ली स्थित रेल भवन से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रेलवे अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## एक नजर

### बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहने का मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग



रामपुर। अमरोहा से बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के साथ संसद में अभद्रता का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। इस मामले में रामपुर निवासी आरटीआइ कार्यकर्ता दानिश खान ने शिकायत की थी। दानिश खान डीके फाउंडेशन आफ फ्रीडम एंड जस्टिस नाम से संस्था चलाते हैं। उन्होंने अपनी संस्था के माध्यम से शिकायत की थी। उनका कहना था कि संसद में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा अमरोहा के सांसद के साथ अभद्र व्यवहार किया था। इस मामले में अमरोहा के सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष से भी लिखित शिकायत की थी। आरटीआइ कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इसे अल्पसंख्यकों के प्रति भेदभाव का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि उनकी शिकायत को आयोग ने पंजीकृत कर लिया है।

## पीएम मोदी ने अंकित बैयनपुरिया के साथ किया श्रमदान

### बताया दो चीजों को नहीं कर पा रहे पालन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया। उनके साथ अंकित बैयनपुरिया ने भी साफ–सफाई की। इसका एक वीडियो पीएम ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है। पीएम ने कहा, 'आज,जब देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अंकित बैयनपुरिया और मैंने भी वही किया! स्वच्छता के अलावा, हमने इसमें फिटनेस और खुशहाली को भी शामिल किया है। यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए है।'



वीडियो में पीएम मोदी को अंकित बैयनपुरिया के साथ बात करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पूछा कि आप फिटनेस के लिए इतनी मेहनत करते हैं, इसमें स्वच्छता अभियान कैसे मदद करेगा? इस पर अंकित ने कहा कि वातावरण को स्वस्थ्य रखना भी हमारा कर्तव्य है, वो स्वस्थ है तभी हम स्वस्थ हैं।

पीएम ने आगे सवाल किया कि सोनीपत के लोगों में स्वच्छता के प्रति कैसा विश्वास है? तो बैयनपुरिया ने कहा कि पहले से ज्यादा अब लोग स्वच्छता के प्रति जोर दे रहे हैं। उन्होंने आगे पूछा कि फिजिकल एक्टिविटी के लिए कितना समय देते हैं?

इस पर अंकित ने कहा, 'मैं चार से पांच घंटे प्रतिदिन एक्सरसाइज करता हूं। मुझे देखकर लोग प्रोत्साहित होते हैं कि आप कैसे इतने समय तक अभ्यास कर लेते हो, तो यह सुनकर अच्छा लगता है।' इस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा, 'मैं ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करता, जितना रोजमर्रा के लिए चाहिए होता है।'

पीएम ने आगे कहा, 'मैं अनुशासन का पालन करता हूं। हालांकि, आजकल मैं दो बातों का ध्यान नहीं रख पा रहा हूं, एक खाना और दूसरा सोना।

#### कौन हैं अंकित?

अंकित बैयनपुरिया को अंकित सिंह के नाम से भी जाना जाता है। इनका जन्म 31 अगस्त को हरियाणा के सोनीपत जिले के बयानपुर में हुआ था। वह बीएम की डिग्री हासिल करने के साथ ही फिटनेस एक्सपर्ट के तौर पर सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हो गए। बैयनपुरिया ने वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर अपने करियर की शुरुआत फनी वीडियो बनाकर की। हालांकि, कोरोना लॉकडाउन के दौरान उन्होंने अपने कंटेंट में बदलाव किया और फिटनेस सेंट्रिक वीडियो पोस्ट करना शुरू कर दिया। वह कुश्ती, रस्सी पर चढ़ना और दौड़ने जैसे वर्कआउट को बढ़ावा देते हैं।

### जेपी नड्डा को लिखी चिट्ठी

## मणिपुर हिंसा के लिए बीजेपी स्टेट यूनिट ने अपनी ही सरकार को बताया जिम्मेदार

**इंफाल।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच बीजेपी की प्रदेश इकाई ने अपने ही राज्य सरकार को इस मामले में दोषी ठहराया है. मणिपुर बीजेपी प्रदेश यूनिट ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखी है जिसमें कहा गया है कि राज्य की जातीय हिंसा पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार विफल रही है. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखी गई इस चिट्ठी में राज्य की पार्टी प्रमुख ए सारदा देवी के नेतृत्व में 8 नेताओं ने अपनी सरकार पर ये आरोप लगाया है. इतना ही नहीं नेताओं ने पत्र में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की मांग भी की है.



बीजेपी मणिपुर यूनिट ने बताया कि मौजूदा अशांति 3 मई 2023 से शुरू हुई थी जिसे लगभग चार महीने हो चुके हैं. इस अवधि के दौरान विशेष रूप से आम जनता को अपने दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. चिट्ठी में लिखा गया है, राज्य स्तर पर हमारी पार्टी भी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. जनता के गुस्से और विरोध से अब धीरे–धीरे स्थिति बदल रही है, लंबे समय से चली आ रही अशांति का एकमात्र दोष पूरी तरह से सरकार की विफलता पर आ गया है. सरकार स्थिति से निपटने में जुटी है।

## मध्यप्रदेश- बसपा और जीजीपी ने किया गठबंधन, दोनों पार्टियों में ऐसे हुआ सीटों का बंटवारा

**भोपाल।** इसी साल होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सभी पार्टियां तैयारियों में जुटी हैं. इस कड़ी में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने शनिवार को राज्य में होने वाले चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा कर दी. बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और जीजीपी के महासचिव बलबीर सिंह तोमर ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि बसपा 178 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि जीजीपी 52 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी. न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों नेताओं ने कहा, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अत्याचार को खत्म करने के लिए इस गठबंधन की सरकार बनेगी.



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 2 अक्टूबर 2023

# अंतर्जातीय विवाह के अस्सी साल बाद भी सामाजिक बहिष्कार की दंश झेल रहा कुर्मी परिवार

## प्रमुख लखन सुबोध ने पीड़ितों को न्याय दिलाने का किया आश्वस्त

जोहार छत्तीसगढ़-गिधौरी।





भारत में जाति व्यवस्था किस कदर हावी है आप पढ़ेंगे तो दंग रह जाएंगे। भारत इतनी तरक्की की है करोड़ों अरबों किलोमीटर दूर सूरज और चांद की पड़ताल करने अपना यान भेज रहा है वहीं दूसरी ओर आज भी भारत में जाति वाद किस तरह जकड़ा है उसे सुनकर भी आप हैरान हो जाएंगे। बात 80 साल पहले की है एक ही समुदाय के युगल अलग-अलग जाति के थे वर कुर्मी तो वधु साहू लेकिन दोनों तो पिछड़ा वर्ग के हुए इसके बावजूद एक समुदाय एक धर्म के बाद भी इस दंपत्ति को समाज अपना नहीं रहा है। फि र कैसे कहेंगे कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और भारत पूरी दुनिया का राष्ट्र गुरु बनने जा रहा है आखिर यह कैसी व्यवस्था है जो हिंदू धर्म और पिछड़ा वर्ग होकर भी समाज अपना नहीं रहा है शामिल नहीं कर रहा है वहीं यह परिवार 80 साल से सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित हैं इसके लिए न शासन पहल कर रहा है न प्रशासन। पता नहीं यह परिवार कितने सालों तक और दंश झेलेगा इस सामाजिक कुरीतियां कब तक इनका पीछे पड़ेगी यह आने वाला कल के गर्भ में हैं लेकिन इस परिवार पर जो जुल्म,सितम 80 साल से ढाया जा रहा है यह मानव समाज के लिए शर्मनाक हरकत है। इस बर्बरता के बारे में जो भी सुनेगा एक बार क्या कई बार समाज के ऐसे ठेकेदारों को गाली देगा और देश के सिस्टम पर भी उंगलियां उठेगी।

यह बर्बर और शर्मनाक कहानी ग्राम अमोरा, थाना नांदघाट, जिला बेमेतरा,छग की है जहां राधेश्याम वर्मा का परिवार सालों से जातिवाद के जंजीरों में बंधा व फ ंसा हुआ है। राधेश्याम वर्मा ने बताया की उनके पिताजी गहवयी कुर्मी रहे और उन्होंने साहू जाति की माता से 80 साल पहले शादी की थी।आज वे दोनों इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन जाति वाद और सामाजिक कुरीतियां उनका अभी भी पीछे नहीं छोड़ रहा हैं इनका परिवार पिछले 80 साल से पीड़ित हैं और मानवता तार तार हो रही है फिर भी जाति के इन ठेकेदारों का दिल नहीं पसीज रहा है। जाति समाज के ये सारे मुखिया सिर्फपैसे खाने के लिए बैठे हैं उनकी दुकानदारी खूब फल फूल रहा है नेता,मंत्रियों से भी ये मिलेजुले हैं इनको 5 पेटी या 10 पेटी चाहिए समाज में मिला लेंगे नहीं पैसे देंगे तो 80 साल क्या कई सौ साल तक आपका सामाजिक बहिष्कार बरकरार रहेगा। ये सामाजिक ठेकेदार आपके किसी भी दुख सुख में साथ नहीं देंगे तड़प तड़प कर परिवार मर जाएगा कोई दवा,पानी के लिए,अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं पूछेगा। आपको जेल की कैदियों से भी बदतर परिस्थितियों में रहना होगा,सहना होगा आपके लिए कोई सख्श मदद करने के लिए सामने नहीं आएगा। आपको बता दें की इनके परिवार को गहवई कुर्मी जाति के ठेकेदारों द्वारा सामाजिक बहिष्कार कर आज भी प्रताड़ित कर रहा है। पीड़ित परिवार द्वारा अनेकों बार थाना, मानवाधिकार आयोग, मंत्री. संत्री को आवेदन दे चुका है लेकिन आज पर्यंत कोई कार्यवाही नहीं हुई। चूंकि जहां पर जाति धर्म की बात आती है वहां राजनीतिक दल भी दूरियां बढ़ा लेती हैं इसका समाधान करने में उनका हाथ पांव फूलने लगता है। बात वोट की है यदि परिवार को मिला दिया जाता है तो उनके वोट को चोट लगेगी और मनुवाद पार्टियां इसका समाधान करना जरुरी नहीं समझती। सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित परिवार ने जब प्रमुख लखन सुबोध से संपर्क कर अपनी 80 साल की आप बीती और पीड़ा बताई तो वे भी सन्न रह गए क्यों की ऐसी घटना के बारे में उनको पहली बार सुनने को मिला तब सुबोध जी ने पीड़ित परिवार के गांव घर जाकर उनकी ब्यथा को सुना और न्याय के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# 4 अक्टूबर को भरोसे का सम्मेलन, जोर-शोर से चल रही तैयारियां

* विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, डीआईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कार्य म स्थल का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**रूट प्लान, बैठक व पार्किंग व्यवस्था की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

रायगढ़ के कोड़ातराई में आगामी 04 अक्टूबर को श्भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गेव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। विधायक प्रकाश नायक, महापौरजानकी काटजू, डीआईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कोड़ातराई पहुंच कर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा.निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कार्यक्रम स्थल पर डोम, मंच और बैठक की तैयारी को लेकर निर्देश दिए। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए अलग.अलग स्थानों पर पार्किंग के स्थल चिन्हांकित कर वहां सभी जरूरी तैयारियां जल्द पूरी करने के लिए भी कहा। वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए उन्होंने विस्तृत रूट व ट्रैफि क प्लान बनाने के निर्देश दिए। सभा स्थल तक लोगों की एंट्री व उनके बैठने के साथ पेयजल की व्यवस्था के लिए विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देशित किया। डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था और बेरीकेडिंग की तैयारियों को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, एसडीएम रायगढ़,गगन शर्मा, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्राए डीएसपी ट्रैफिक सुशांतो बनर्जी अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल रायगढ़ में हुआ राजभाषा पखवाड़ा का समापन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्रीय मुख्यालय के सामुदायिक भवन में शुक्रवार की शाम को आयोजित राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। विगत 14 सितंबर से 29 सितम्बर तक रायगढ़ क्षेत्र में चले राजभाषा पखवाड़ा में क्षेत्र की छाल, बरौद, बिजारी, जामपाली ओसीएम व क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित हिन्दी निबंध, व्याकरण, आलेख टिप्पण लेखन सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें भिन्न भिन्न दिनों में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। शुक्रवार शाम को समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि रायगढ़ क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ हेमंत शरद पांडे उपस्थित रहे जब कि अन्य विशिष्ठ अतिथियों में क्षेत्र के जीएम संचालन के सी सुरेन्द्र नाथ, जीएम एसओ सिविल बीके राय एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अजय बेहरा उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए रायगढ़ क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ हेमंत शरद पांडे ने कहा हिन्दी एक दूसरे को जोड़ने वाली सबसे सरल सहज एवं सुगम भाषा है उन्होंने हिन्दी में ज्यादा से ज्यादा काम करने का आह्वान किया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के साथ साथ सांत्वना पुरस्कार को महाप्रबंधक डॉ हेमंत शरद पांडे सहित अन्य मंच पर उपस्थित अतिथियों ने पुरस्कृत किया। समारोह का संचालन प्रबंधक कार्मिक शिवचरण जांगड़े ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में रायगढ़ क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के अधिकारियों श्रम संगठनों के जेसीसी व कल्याण समिति के सदस्यों एवं कर्मचारीगण शामिल हुए।

## स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत स्वच्छता एक सेवा कार्यक्रम में की गई सफाई

स्वच्छता अभियान में अधिकारी कर्मचारी एवं संघ पदाधिकारी हुए शामिल

**कोंडागांव।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में आज स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता एक सेवा कार्य के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने के लिए साफ सफाई की गयी । विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोंडागांव में स्वच्छता अभियान के तहत परिसर की साफ सफाई के साथ साथ मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप का भी कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित करने का संदेश दिए । इस स्वच्छता अभियान में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, जिला सचिव संजय राठौर, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक टी.एंकट राव, व्यायाम शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, शिक्षक इरफान खान, सहायक ग्रेड 3 रूपेश झा, भृत्य भारत सिंह, रविन्द्र तुरकर, दुर्गेश्वरी मरकाम, चंद्र भारती, देवकी मरकाम, कमल देव मरकाम सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, 57 हजार रूपये का गांजा जप्त, 1 गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी क्रम में रविवार को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में गांजा लेकर अम्बिकापुर से वाड्रफनगर की ओर जा रहा है। थाना प्रतापपुर पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर ग्राम गणेशपुर चिटकाबहरा में घेराबंदी कर रफीक मंसूरी पिता सुलेमान गनी उम्र 23 निवासी अम्बिकापुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 3 किलो 800 ग्राम गांजा कीमत करीब 57000 रूपये का जप्त किया है। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 20,बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा,एएसआई मंत्रीराम मिंज, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी,आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, अवधेश कुशवाहा व सहदेव राम सक्रिय रहे।

## एक नजर

### अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर टेरम में 2 अक्टूबर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती तिथि 2 अक्टूबर 2023 को अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम.टेरम में पूर्वान्ह 11 बजे से शासकीय हाईस्कूल टेरम के प्रांगण में किया जाएगा। जिसमें वर्ण भेद, रहित सामूहिक भोज सम्भाषण एवं शिक्षाप्रद चित्र आदि कार्यक्रम किया जाएगा।

### सरकारी कर्मचारियों की जगह कांग्रेसी भरवा रहे पट्टा का फॉर्म, भाजपा ने जताई आपत्ति

**कोरबा ।** कोरबा नगर पालिक निगम के भाजपा पार्षद दल ने कांग्रेसियों द्वारा पट्टा फॉर्म भरवाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कलेक्टर से शिकायत करते हुए तत्काल रोक लगाने आवेदन सौपा है रितु चौरसिया ने बताया कि यह एक सरकारी कार्यक्रम है जिसमें निगम के सरकारी व्यक्ति द्वारा ही पट्टा फॉर्म भरवारा जाना चाहिए लेकिन कांग्रेसियों द्वारा पट्टा फॉर्म भरवारा जा रहा है जिसे कांग्रेसीकरण करण करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में वोटो की राजनीति और लाभ लेने की कोशिश की जा रही है।

भाजपा पार्षद दल द्वारा दिए ज्ञापन में बताया गया है कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पट्टा वितरण का कार्य प्रगति पर है नगर निगम के 67 वार्ड में से 30 वार्ड में भाजपा के पार्षद हैं जिन वार्डों में भाजपा के पार्षद हैं वहां पर उनकी उपेक्षा करते हुए पट्टा वितरण सरकारी कार्यक्रम को कांग्रेसीकरण किया जा रहा है पट्टा वितरण हेतु फॉर्म भरने का कार्य कांग्रेसियों के द्वारा या कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा या पूर्व कांग्रेस पार्षद के द्वारा कराया जा रहा है और उनके अनुमोदन से ही अधिकारियों के द्वारा पट्टा में हस्ताक्षर करके उनके हाथों पट्टा का वितरण किया जा रहा है। अत: महोदय वार्ड पार्षद निर्वाचित जनप्रतिनिधि है उनकी उपस्थिति में और उनके देखरेख में ही पट्टा का वितरण होना चाहिए, कृपया व्यवस्था को ठीक करते हुए उचित कार्यवाही करने का निर्देश अधिकारियों को देने की कृपा करें ।

### टेबल टेनिस संघ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनीं डा.मंजुला

**कोरबा ।** जिले की वरिष्ठ चिकित्सक डा मंजुला साहू को छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्हें वर्ष 2023 से वर्ष 2027 तक के लिए गठित संघ के माध्यम से प्रदेश में टेबल टेनिस से संबंधित खेल गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करने अहम अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्तमान में वह जिला टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष पद की कमान संभाल रहीं।

छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की वार्षिक आम सभा की बैठक प्रदेश की राजधानी रायपुर में 30 सितंबर आयोजित की गई। यह बैठक होटल लैंडमार्क पंडरी में आयोजित की गई थी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव की ओर से सूचना जारी करते हुए संघ की कार्यकारिणी सदस्य एवं सीएसईबी कोरबा पश्चिम की वरिष्ठ चिकित्सक डा मंजुला साहू को भी आमंत्रित किया गया था। वर्तमान में डॉ मंजुला साहू जिला टेबल टेनिस संघ कोरबा के कोषाध्यक्ष का दायित्व संभाल रही हैं।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में वर्ष 2022-23 में हुई खेल प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का लेखा जोखा पेश किया गया। साथ ही वर्ष 2023-24 के खेल कैलेंडर के अनुसार आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उनके सफ्ल आयोजन को लेकर विचार विमर्श और सुझावों का आदान प्रदान भी किया गया। उन्होंने इस बैठक में कोरबा का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र में टेबल टेनिस को लेकर अपनी बातें रखीं। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रुप से भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के आब्जर्वर रिंकु आचार्या, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा विधायक छत्तीसगढ़, ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, विजय अग्रवाल और नवनियुक्त सचिव शार्थक शुक्ला भी मौजूद रहे।

### मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने किया प्रधानमंत्री प्रवास की तैयारियों की समीक्षा

**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने रविवार को जगदलपुर में 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के बस्तर प्रवास की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए समय पर पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर एडीजी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. एसएसपी श्री जितेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**कोंडागांव।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल के नेतृत्व में जिला कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर परिसर के उद्यान तथा पार्किंग स्थल की साफ-सफाई की गई। यहां उग आई झाड़ियों के साथ ही सुखे पत्ते, पन्नियां और कागज के कचरों की सफाई की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी उत्साह के साथ परिसर की साफ-सफाई की।

# 200 वरिष्ठ जनों का अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।






1 अक्टूबर अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सूरजपूर जिलें में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन सूरजपुर में किया गया। इस अवसर पर जिले से लगभग 200 वरिष्ठजन उपस्थित रहें। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही उन्हें शॉल और श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विसम्भर सिंह पत्नि चम्पा देवी को 50 हजार का चेक भी प्रदाय किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता के अनुरूप छड़ी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सभापति कुलदीप बिहारी, सूरजपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष जगलाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, उपसंचालक समाज कल्याण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दी स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी, साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी पहलू, यातायात नियमों का पालन, साईबर क्राईम से बचाव एवं महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर जानकारी देने के निर्देश पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने पुलिस अधिकारियों को दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन चौकी तारा पुलिस के द्वारा ग्राम शिवनगर स्थित मिशन स्कूल में अध्ययनरत स्कूली बालक-बालिकाओं को महिला व बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विषयों तथा साइबर क्राइमों से सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारी ने महिला सुरक्षा से जुड़ी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया और उसे कैसे आपरेट किया जाता है उसकी जानकारी दी। बढ़ते साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए मोबाइल का सदुपयोग, अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करने, बैंक खातों की जानकारी नहीं देने तथा अपने निजी डाटा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने पूछा कि थाना में पुलिस कार्यवाही कैसे रहती है जिस पर उन्हें पुलिस के कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर घायल व्यक्ति की सहायता करने की समझाईश दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कांग्रेस का नया फरेब मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना-कृष्णकांत चंद्रा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

मजदूरों का फर्जी कौशल उन्नयन कर केंद्र के पैसों का बंदरबाट किया। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना खोखले वादे और दावे करने वाली कांग्रेस और भूपेश सरकार का एक और फरेब है कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि चुनाव के ठीक पहले अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बुलाकर इस योजना को प्रदेश में लागू करने की घोषणा कर भूपेश बघेल ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की भोली.भाली गरीब जनता के साथ छलावा किया है। श्रम विभाग में कानूनों का खुले तौर पर उल्लंघन करने और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के लाभ से वंचित रखने वाली कांग्रेस सरकार आंकड़ों का खेल करने की बजाय यह बताए कि इस योजना से प्रदेश के कितने लोगों को और कब लाभ मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सक्ती कृष्णकांत चंद्रा ने आगे कहा कि निर्माण कार्य में लगे ऐसे पंजीकृत श्रमिकों की संख्या बहुत कम है और 10 साल पूरी करने वालों की संख्या तो और भी नगण्य है जो कुल वृद्ध निर्माण मजदूरों की संख्या का एक फीसदी भी नहीं है। यह योजना नितांत अव्यवहारिक है। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जो अटल पेंशन योजना लागू की है, उसमें कोई व्यक्ति, जिसकी उम्र 45 वर्ष है और वह यदि 15 साल तक अपना अंश जमा करता है तो उसे 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन प्रतिमाह 15 सौ रुपए से लेकर 5 हजार रुपए बतौर पेंशन मिलेगा। इसलिए प्रदेश सरकार की यह योजना पूर्णत: फर्जी है। उन्होंने आगे कहा कि श्रम विभाग में कौशल विकास योजना के तहत करीब 10 करोड़ रुपए से ज्यादा कंपनियों को भुगतान किया गया है। केन्द्र की आरपीएल कौशल विकास योजना में जिस राष्ट्रीय कंपनी को मजदूरों के कौशल विकास



योजना का कार्य दिया था। उसे मंत्री के नजदीकी एक ही व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया और बड़ी संख्या में मजदूरों का फर्जी कौशल उन्नयन किया गया। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे कांग्रेसियों ने यहां भी फर्जी तरीके से राशि का बंदरबाँट किया है।

इस योजना में मजदूरों के कार्यस्थल पर प्रशिक्षण दिया जाना है। जबकि श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्यालयों में फर्जी मजदूरों का प्रशिक्षण कराकर भारी राशि का घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि मंडल की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में वर्तमान सरकार ने अधिकांश योजनाओं का लाभ उसकी प्रक्रिया को जटिल करते हुए बंद कर दिया है। श्रमिकों के बीच लोकप्रिय कन्या विवाह योजना जिसके तहत श्रमिकों की कन्याओं के विवाह हेतु 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती थी एवं नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, जिसके तहत श्रमिकों के बच्चों को 15 सौ रुपए से लेकर 55 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर के छात्रों को प्रदान की जाती थी। इन योजनाओं को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूर्णत: बंद कर दिया है।

सक्ती भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय पूर्व में पंजीकृत लगभग 18 लाख श्रमिकों के पंजीयन में से वर्तमान सरकार द्वारा करीब 9 लाख पात्र निर्माण मजदूरों का पंजीयन रद्द कर उन्हे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु कुल 35 लाख श्रमिकों द्वारा आवेदन किया गया था परंतु मात्र 93 हजार श्रमिकों का ही पंजीयन किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण अपात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिया जा रहा है और पात्र लोगों को योजनाओं के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। इसी तरह प्रवासी मजदूरों की संख्या पलायन को देखते हुए उसका पंजीयन रजिस्टर बनाने का प्रावधान है। लेकिन पंजीयन रजिस्टर तक नहीं बनाया गया। कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि नए निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं भ्रष्टाचारयुक्त होने के कारण नए श्रमिकों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है तथा पुराने पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण भी नहीं हो रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिले में अभियान चलाकर किया सफाई

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के लगभग सभी कार्यालयों में स्वच्छ भारत अंतर्गत एक कदम स्वच्छता की ओर,स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर सफाई किया गया। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत जिले में यह सफाई अभियान 15 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक किया जा रहा है।

सारंगढ़ के कलेक्टोरेट परिसर, नगरपालिका द्वारा मां काली मंदिर परिसर, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तुर्की तालाब परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय, आईसीआईसीआई बैंक, सरिया, बरमकेला, बिलाईगढ़, और भटगांव के कार्यालयों, जिसमें एसडीएम, स्वास्थ्य केंद्रों, नगर पंचायतों, तहसीलों आदि स्थानों में, भेड़वन के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, सरसीवां, कनकबीरा और कोसीर के कार्यालयों में भी अधिकारियों कर्मचारियों, समाजसेवी नागरिकों ने श्रमदान कर सफाई किया।



# सीएमएचओ ने दिखाई एड्स जन जागरूकता रथ को हरी झण्डी

## कला जत्था के सदस्य नुक्कड़.नाटक के माध्यम से एचआईवी संक्रमण के प्रति लोगों को करेंगे जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने स्वास्थ्य कार्यालय में आज एड्स जन जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एड्स जन जागरूकता रथ में कलाजत्था के सदस्य मौजूद रहेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को एचआईवी के संक्रमक कारणों को नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जानकारी देते हुए एचआईवी के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। जिसके तहत आज रायगढ़ रेलवे स्टेशन एवं मिट्ठूमुड़ा में कलाजत्था दल द्वारा नाटक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों में जन जागरूकता हेतु प्रचार.प्रसार



किया गया। एड्स की अधिक जानकारी के लिए 1097 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ.जयकुमार चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के समस्त विकास खंड में बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, सुपरवाइजरों,रायगढ़ शहरी क्षेत्र में प्रभारी मीडिया अधिकारी नोडल अधिकारी की सतत निगरानी में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें जिले के समस्त विकासखंड एवं हॉटस्पॉट जैसे क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति लोगों को जागरूक और जानकारी प्रदान करेगी। यह कार्यक्रम 25 अक्टूबर तक शहरी क्षेत्र, ग्राम मोहल्ले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कराया जा रहा है।



# नगर पालिका के सभी वार्डों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

स्वच्छता ही सेवा एक तारीख एक घंटा अभियान अंतर्गत आज नगर पालिक रतनपुर के सभी 15 वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस स्वच्छता अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं आज महामाया परिसर में भी नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, उपाध्यक्ष कन्हैया यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एच डी रात्रे, अभियंता गणेश नामदेव, विजय बिसेन, अजीत ठाकुर, एवं महामाया मंदिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी सदस्य एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व सभी वार्डवासी मिलकर इस अभियान में हिस्सा लिए और सभी



ने अपने-अपने वार्डों में एक घंटे तक श्रमदान कर नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया। वही लखनी देवी मंदिर में भूपचंद शुक्ला, मुकेश मालवी और मोहल्ले वासी नगर पालिका के कर्मचारीयों ने स्वच्छता अभियान चलाया, वार्ड नं 2 में थाना परिसर में श्रमदान किया गया वार्ड 2 पार्षद नीतू सिंह क्षत्री, दामोदर सिंह सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, आमजन और अधिकारियों ने हाथ में झाड़ू लेकर कचरों की सफाई की। पार्षद नीतू सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कल 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती है।उन्होंने स्वच्छता को अपनाने के साथ स्वच्छ भारत की कल्पना की थीं सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए और श्रमदान कर अपने परिसर को स्वच्छ बनाने में भागीदारी देना चाहिए। दामोदर सिंह क्षत्री ने बताया कि नगर पालिका के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। रतनपुर के सभी वार्डों में भी स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत श्रमदान कर जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। नगर पालिका सीएमओ ने सभी आमनागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनाने के साथ स्वस्थ रहने के लिए अपने आसपास को साफ-सुथरा रखे।



# *481 ग्राम पंचायतो में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन*

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत लीना कोसम के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 1 अक्टूबर को एक घंटा स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन जिले के समस्त 481 ग्राम पंचायतो में किया गया। साथ ही समस्त स्कूल, आंगनबाड़ी, शासकीय कार्यालयों में सामूहिक श्रमदान किया गया। इस अवसर



स्वच्छता शपथ ग्राम के सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित कचरे का श्रमदान द्वारा सुरक्षित निपटान धार्मिक, पर्यटन स्थल, नदी, तालाब आदि के किनारे फैले कचरे का संग्रहण कर स्कूल, आंगनबाड़ी कैम्पस की सफाई सामूहिक श्रमदान द्वारा की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश और अपने आस पास साफ सुथरा रखने हेतू आहवान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों व समूह की दीदियों, स्काउट के बच्चे, युवाओं की विशेष सहभगिता रही। शासन द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में यह कार्यक्रम समस्त शासकीय,अशासकीय विभागों द्वारा जिला, जनपद, ग्राम पंचायत व ग्राम सभी स्तरों पर एक साथ एक ही समय 10 से 11बजे पर तय किये गए स्थल इवेंट अनुसार किया गया।

# प्रदेश सचिव घनश्याम पांडेय ने ली जैजैपुर के कार्यकताओं की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जैजैपुर।

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली कांग्रेस भरोसा यात्रा की तैयारी हेतु आवश्यक बैठक विधानसभा प्रभारी घनश्याम पांडेय ने ली। जिसमें वरिष्ठ नेता कमल किशोर साहू ने अपने क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में बाईक रैली में लाने की जबाबदारी दी गई है प्रदेश कांग्रेस सचिव बनने के बाद घनश्याम



पांडेय लगातार क्षेत्र संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ विस्तार, जिले में पहुंची 8 महतारी एक्सप्रेस

## गर्भवती माताओं एवं शिशुओं को मिलेगी नि:शुल्क सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला मुख्यालय सहित जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हो रहा हैं। जिसके तहत राज्य शासन द्वारा विभिन्न विकासखंडों के लिए भेजी गई महतारी एक्सप्रेस आज अपनी सेवाएं देने जिला मुख्यालय में पहुंच चुकी हैं। राज्य शासन द्वारा रायगढ़ जिले को कुल 8 महतारी एक्सप्रेस प्रदान किया गया हैं। जिसमें 2 महतारी एक्सप्रेस जिला अस्पताल व एमसीएच अस्पताल, 1 सीएचसी लैलूंगा, 1 सीएचसी घरघोड़ा, 1 सीएचसी पुसौर, 1 सीएचसी चपले, 1 सीएचसी तथा 1 वाहन सिविल अस्पताल खरसिया को प्रदाय किया गया है। महतारी एक्सप्रेस का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को प्रसव के



लिए घर से अस्पताल और प्रसव पश्चात अस्पताल से घर तक आने-जाने के लिए नि:शुल्क सेवा प्रदान करना है।

इसके साथ ही एक वर्ष तक की उम्र वाले शिशुओं के लिए भी यह सेवा उपलब्ध है। जिसके लिए टोल.फ्री नम्बर 102 पर कॉल कर ये सेवाएं ली जा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में महतारी एक्सप्रेस सेवा के लिए विभिन्न जिलों में 200 नई एंबुलेंस भेजी गई हैं। इस सेवा के तहत वर्तमान में चल रहे पुराने एंबुलेंस के बदले सभी जिलों में नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जा रही है। जिसका उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बीते दिनों महतारी एक्सप्रेस की सेवाओं को और बेहतर करते हुए नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में जुड़े शहरवासी, किया श्रमदान

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने नारा लगा जनसामान्य की किया जागरुक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 01 अक्टूबर को स्वच्छता जागरूक अभियान के तहत पूरे शहर में एक घंटा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश एवं जन जागरूकता लाने के लिए सुबह 10 बजे से शहर के गौरी शंकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों तथा सुभाष चौक के सड़कों में महापौर जानकी काटजू, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, शहरवासी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदीयां एवं समस्त वार्डवासियों ने शहर की स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देते





***शहर के विभिन्न वार्डो में चला स्वच्छता अभियान***

*** महापौर काटजू, कलेक्टर सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ,यादव एवं आयुक्त नगर निगम चंद्रवशी ने किया श्रम दान**



हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही शहर के सभी वार्डो में स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता कार्य किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चो ने नारा लगाकर किया लोगों को जागरुक एनएसएस एवं सामाजिक संस्थाओं ने नारा लगा कर दुकान संचालक को साफ-सफाई रखने के साथ ही दुकानों से निकले कचरा को डस्टबिन में एकत्रित करने एवं एकत्रित कचरे को स्वच्छता दीदियों को देने की अपील की।

### जिले भर में चला स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता अभियान

*स्वच्छता ही सेवा के तहत जिले के विभिन्न कार्यालयों के साथ ही विकासखंड कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत अस्पताल, तहसील कार्यालय एवं परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई का कार्य किया गया।*

## फिल्म गणपत की टीजर जारी, टाइगर श्रॉफ के साथ कृति सैनन ने किया जबरदस्त एक्शन




टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन स्टारर गणपत: ए हीरो इज़ बॉर्न का जबरदस्त टीज़र फाइनली आज रिलीज हो गया है. टीज़र हमें एक डायस्टोपियन दुनिया की झलक दिखाता है जो अंधेरे में डूबी हुई है. वह ताकत जो दुनिया को बदल सकती है और फिर टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन और अमिताभ बच्चन बुरी ताकतों से लड़ने के लिए टीम बनाते हैं. टीजर वीडियो की शुरुआत टाइगर श्रॉफ के पावर पैक एक्शन से होती है जैसे ही स्क्रीन पर 2070 एडी टेक्स्ट फ्लैश होता है वैसे ही अमिताभ बच्चन की दमदार आवाज में सुनाई देता है, ये लड़ाई तब तक शुरू मत करना जब तक हमारा योद्धा नहीं आ आ जाता है।



## सुखमनी सदाना ने कश्मीर में तनाव सीजन 2 की शूटिंग शुरू की

मनमर्जियां, सेक्रेड गेम्स और तांडव के लिए मशहूर अभिनेत्री सुखमनी सदाना स्ट्रीमिंग सीरीज तनाव के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू करने के लिए कश्मीर पहुंच गई हैं।

वह शो के दूसरे सीजन में नुसरत फारूकी की अपनी भूमिका को दोहराती नजर आएंगी, जो प्रशंसित इजराइली शो फौदा का आधिकारिक भारतीय रूपांतरण है। नुसरत गहन जटिलता का एक चरित्र है, जो उदास और ग्रे रंगों में डूबा हुआ है, जो शो के परिदृश्य में साजि?श की परतें जोड़ता है। पहले सीजन में अभिनेत्री को नुसरत फारूकी के किरदार को उसकी गहराई और प्रामाणिकता के लिए प्रशंसा मिली थी। शो में साहिबा बाली, अर्सलान गोनी, अमित गौर और सत्यदीप मिश्रा भी हैं। तनाव सीजन 2 और भी अधिक गहन और मनोरम कहानी पेश करने का वादा करता है।

## गोल्डन साड़ी पहन श्रिया सरन दिखीं बेहद खूबसूरत

### स्टाइलिश ब्लाउज पर अटकी फैंस की निगाहें

साउथ फिल्म और बॉलीवुड फिल्म की एक्ट्रेस श्रिया सरन आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट कर उन्हें अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर बवाल मचाता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही लाइमलाइट में आ गई हैं।

इन तस्वीरों में उनका ट्रेडिशनल अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दृश्यम में अजय देवगन की ऑनस्क्रीन वाइफ का किरदार निभाकर लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस हर बार अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल मचल देती हैं। हालिया फोटोशूट के दौरान भी एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस की निगाहें उन पर टिकी रह गई हैं। श्रिया ने इस फोटोशूट के लिए गोल्ड कलर की साड़ी पहनी हुई है, साथ ही स्टाइलिश ब्लाउज से टिम अप किया हुआ है। एक्ट्रेस के डीपनेक स्टाइलिश ब्लाउज पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही है। माथे पर बिंदी, कानों में झुमके, कजरारी निगाहें, बालों का जुड़ा बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को खूबसूरती से निखारा है। श्रिया सरन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है।



## प्यार, धोखे और साजिश की कहानी बेकाबू 3! रिया सेन व राहुल सुधीर की दिखेगी हॉट केमिस्ट्री

डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में लोकप्रिय ऑल्ट ने मोस्ट-अवेटेड सीरीज बेकाबू की लेटेस्ट इंस्टॉलमेंट बेकाबू 3 के साथ वापसी करने का ऐलान किया है।



पिछले सफल सीजन को आगे बढ़ाते हुए, नया सीजन दर्शकों को और भी ज्यादा एंटरटेनिंग और थ्रिलिंग एक्सपीरियंस देने का वादा करता है। यह दर्शकों को रोमांचित करेगा। शानदार कलाकारों से सजी बेकाबू 3 में चित्रा के किरदार में रिया सेन, ईशा के किरदार में नवीना बोले, अर्जुन के किरदार में राहुल सुधीर, यूडी के किरदार में इमरान खान और अलीशा के किरदार में निकिता घाग हैं। कलाकारों ने दमदार परफॉर्मेंस देने का वादा किया है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा और उन्हें अपनी सीटों से बांधे रखेगा। बेकाबू 3 ह्यूमन नेचर में गहराई से उतरती है, एक ऐसी दुनिया में जहां कोई भी वैसा नहीं है, जैसा वे होने का दिखावा करते हैं। यहां झूठ और विश्वासघात है। कहानी एक मासूम पत्नी तापसी और उसके पति अर्जुन, जो उसका बॉस होता है, के इर्द-गिर्द घूमती है। स्टोरी में धोखे और इच्छा का जाल है। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, रिया सेन ने कहा, बेकाबू 3 में चित्रा का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद रोमांचकारी रहा है। चित्रा एक ऐसा करेक्टर है, जो बहुआयामी, रहस्यमय और आश्चर्य से भरपूर है।

## फिल्म फुकरे 3 ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, कर डाली बंपर कमाई

भारतीय सिनेमा की चर्चित कॉमेडी फ्रैंचाइज फुकरे की तीसरी किश्त फुकरे 3 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।इसमें पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है।कॉमेडी से भरपूर फुकरे 3 को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रियाएं मिल रही है, जिसके चलते फिल्म ने पहले दिन टिकट खिड़की पर शानदार कारोबार किया है।आइए जानते हैं फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।




रिपोर्ट के अनुसार, फुकरे 3 ने अपनी रिलीज के पहले दिन 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, वीकेंड में फिल्म की कमाई बढ़ने की उम्मीद है। फुकरे 3 का निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा द्वारा किया गया है, वहीं इसकी कहानी विपुल विग ने लिखी है।यह फिल्म फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा निर्मित है।

## मोहित रैना की मुंबई डायरीज 2 का ट्रेलर जारी

भारत के सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने आज अपने सबसे मोस्ट अवेटेड मेडिकल ड्रामा, मुंबई डायरीज़ के दूसरे सीज़न के ट्रेलर को लॉन्च किया. दूसरा सीज़न पहले सीज़न की घटनाओं के कुछ महीनों बाद शुरू होता है जब बॉम्बे जनरल हॉस्पिटल के कर्मचारियों को पूरे दिन की मूसलाधार बारिश और उसके बाद हुई तबाही के कारण नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.



निखिल आडवाणी द्वारा क्रिएटेड और निर्देशित यह मेडिकल ड्रामा, एम्मे एंटरटेनमेंट की मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी द्वारा निर्मित है.

इस सीरीज़ में पिछले सीज़न के बेहद वर्सेटाइल कलाकारों कोंकणा सेन शर्मा, मोहित रैना, टीना देसाई, श्रेया धनवंतरी, सत्यजीत दुबे, नताशा भारद्वाज, मृण्मयी देशपांडे और प्रकाश बेलावाड़ी की वापसी हुई है, और साथ ही इसमें परमब्रत चट्टोपाध्याय और रिद्धि डोगरा जैसे नए कलाकार भी शामिल हैं. 6 अक्टूबर को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और टेरिटरीज में प्रीमियर के लिए तैयार मुंबई डायरीज़ सीज़न 2 केवल प्राइम वीडियो पर प्राइम मेम्बरशिप वाले दर्शकों के लिए लेटेस्ट एडिशन है. भारत में प्राइम सदस्य केवल 1499 रुपये प्रति वर्ष देकर एक सिंगल मेम्बरशिप में बचत, सुविधा और मनोरंजन का आनंद लेते हैं.

# खेल

## हॉकी में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत

### एशियाड के ग्रुप स्टेज में 10-2 से हराया; स्क्वॉश में भी PAK को हराकर जीता गोल्ड



हांगझोउ। 19वें एशियन गेम्स के 7वें दिन हॉकी में भारत ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पूल-ए के लीग मुकाबले में 10-2 से हराया। कप्तान हरमनप्रीत ने 4 गोल दागे। भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 10 गोल किए हैं। चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स में शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 5 मेडल जीते, इनमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल है। भारत ने स्क्वॉश का गोल्ड पाकिस्तान को हराकर ही जीता है। भारत के कुल 10 गोल्ड हो गए हैं।

भारत 38 मेडल जीत चुका है। इसमें 10 गोल्ड, 14 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज शामिल है। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर है। आगे देखें सातवें दिन के रिजल्ट...

### किस इवेंट में कौन-सा मेडल आया

टेनिस भारतीय मेंस टीम ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर गोल्ड जीता। गोल्ड मेडल इवेंट के पहले मैच में पाकिस्तान के नासिर इकबाल ने महेश मंगाओंकर को 3-0 से हराया। दूसरा मैच भारत के नाम रहा। सौरव घोषाल ने असीम मुहम्मद को 3-0 और तीसरे मैच में अभय सिंह ने नूर जमान 3-2 से हराया। इस तरह भारत ने फाइनल मुकाबला 2-1 से जीता।




गोल्ड (टेनिस)= बोपन्ना-भोसले की जोड़ी ने चीनी ताइपे को मात दी रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने चीनी ताइपे के एन-शुओ लियांग और त्सुंग-हाओ हुआंग के खिलाफ तीसरा सेट टाई-ब्रेकर जीतने के साथ टेनिस मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड मेडल जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में चीनी ताइपे जोड़ी को 2-6, 6-3, [10] - [4] से हराया। टेनिस में पहले सात पॉइंट्स हासिल करने वाला पहला खिलाड़ी टाईब्रेक और सेट जीतता है। यदि खिलाड़ी 6-पॉइंट-टू-6 पर बराबर होते हैं, तो लगातार 2-पॉइंट मार्जिन वाला पहला खिलाड़ी जीत जाता है। एशियन गेम्स में 10-पॉइंट टाईब्रेकर खेला गया। यदि स्कोर 10=10 से बराबर हो गया है तो यह तब तक जारी रहता है जब तक कि एक खिलाड़ी के पास दो पॉइंट्स की बढ़त न हो जाए। सिल्वर (शूटिंग) = फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे सरबजोत-दिव्या शूटिंग में सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। शूटिंग गोल्ड के हुए मुकाबले में सरबजोत और दिव्या को चीन की जोड़ी झांग बोवेन और जियांग रैनक्सिन से 16-14 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। हांगझोउ एशियाड में अब भारत के 19 मेडल हो गए हैं। जिनमें 6 गोल्ड, 8 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज शामिल है। यह गेम्स के 72 साल के इतिहास में हमारा शूटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। निशानेबाजों ने 2006 गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ा।

## एक नजर

### वर्ल्ड कप सीरीज, पार्ट-5

## इंग्लैंड सबसे उम्रदराज, 4 टीमों की औसत उम्र 31, 18 साल का अफगानी स्पिनर टूर्नामेंट में सबसे युवा

भारत में वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। इस समय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी 10 टीमें वॉर्म अप मैच खेल रही हैं। हर टीम के स्क्वॉड में 15-15 खिलाड़ी हैं। यानी कुल 150 खिलाड़ी टूर्नामेंट में शिरकत कर रहे हैं। इनमें 18 साल के अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद सबसे युवा हैं, जबकि 39 साल के डच प्लेयर वेज्ली बारेसी सबसे उम्रदराज हैं। इंग्लैंड टीम की औसत उम्र 31 साल 4 महीने है, जो 10 टीमों में सबसे ज्यादा है। वहीं 24 साल की औसत उम्र के साथ अफगानिस्तान की टीम सबसे युवा है। इस स्टोरी में हम टूर्नामेंट की सभी 10 टीमों का एज एनालिसिस जानेंगे। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड वर्ल्ड कप की सबसे उम्रदराज टीम है। टीम की औसत उम्र 31 साल 4 महीने है। टीम के 11 खिलाड़ियों की उम्र 30 साल से ज्यादा है। 36 साल के मोईन अली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, वह टीम में शामिल 36 साल के डेविड मलान से ढाई महीने बड़े हैं। 24 साल के हैरी ब्रूक सबसे युवा खिलाड़ी हैं।




## भारत-इंग्लैंड वॉर्म-अप मैच बारिश में धुला

### वर्ल्ड कप से पहले मिचेल स्टार्क की हैट्रिक, ऑस्ट्रेलिया-नीदरलैंड मुकाबला भी पूरा नहीं हो सका



वर्ल्ड कप से पहले शनिवार के दोनों वॉर्म-अप मैच बारिश की भेंट चढ़ गए। भारत-इंग्लैंड मुकाबले में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी, जबकि तिरुअनंतपुरम में ऑस्ट्रेलिया-नीदरलैंड मैच भी रद्द कर दिया गया। एक दिन पहले भी अफगानिस्तान-साउथ अफ्रीका मैच बारिश की भेंट चढ़ा था। AUS-AFG मैच जब दूसरी बार बारिश के कारण रुका तब नीदरलैंड ने 167 के टारगेट का पीछा करते हुए 14.2 ओवर में 6 विकेट पर 84 रन बन लिए थे। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के फास्ट बॉलर मिचेल स्टार्क ने हैट्रिक ली। उन्होंने पहले ओवर की 5वीं बॉल पर मैक्स ओडाउड और छठी बॉल पर वेज्ली बारेसी को आउट किया। उसके बाद तीसरे ओवर की पहली बॉल पर बास डे लीडे को पवेलियन की राह दिखाई, हालांकि स्टार्क की यह हैट्रिक रिकॉर्ड में शामिल नहीं होगी, यह वॉर्म-अप मैच था और वॉर्म-अप मैचों के रिकॉर्ड काउंट नहीं होते हैं।

## वर्ल्ड कप सीरीज, पार्ट-6:मुकाबले जिनमें हारना किसी को बर्दाश्त नहीं

### भारत-पाकिस्तान सहित क्रिकेट की 4 सबसे बड़ी राइवलरी

वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट 46 दिनों तक चलेगा और कुल 48 मैच होंगे। वैसे तो वर्ल्ड कप का हर मैच अहम होता है लेकिन 48 में से 4 मैच ऐसे होने वाले हैं जिसमें हारना किसी को मंजूर नहीं। ये मुकाबले महज क्रिकेट मैच नहीं रह जाते। ये जोश, जज्बात, सम्मान का प्रतीक बन जाते हैं। ये 4 मैच टूर्नामेंट की 4 सबसे बड़ी राइवलरी को रिप्रजेंट करते हैं।




भारत और पाकिस्तान कभी एक ही मुल्क थे, लेकिन 1947 में बंटवारा हो गया। बंटवारे में हिंसा हुई, लाखों जानें गईं। इससे फैली कड़वाहट दोनों मुल्कों के लोगों में आज भी मौजूद है। दोनों देश अब तक चार जंग भी लड़ चुके हैं। इन सबका असर क्रिकेट पर भी है।

तीनों फॉर्मेट यानी वनडे, टेस्ट और टी-20 को मिलाकर दोनों टीमों के बीच 205 मैच हो चुके हैं। इनमें से भारत ने 73 और पाकिस्तान ने 88 मैचों में जीत हासिल की है। 1 मुकाबला टाई रहा और बाकी या तो ड्रॉ रहे या बेनतीजा रहे। जाहिर है ओवरऑल आंकड़ों में पाकिस्तान आगे है। लेकिन, वर्ल्ड कप की भिड़ंत में भारत पूरी तरह से हावी है। वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाक की सात भिड़ंत हुई और सातों भारत ने जीते। टी-20 वर्ल्ड कप में भी सात मुकाबले हुए।

## 72 साल में शूटर्स की बेस्ट परफॉर्मेंस:बिंद्रा के गोल्ड के बाद पैरेंट्स इसे स्टेटस सिंबल मानने लगे, जूनियर-प्रोग्राम कामयाब रहा

**हांगझोऊ/नई दिल्ली।** भारतीय शूटर्स ने एशियन गेम्स के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। 72 साल के गेम्स इतिहास में पहली बार भारतीय निशानेबाज 3 से ज्यादा गोल्ड जीतने में सफल रहे। हांगझोऊ में शनिवार तक भारतीय निशानेबाज देश को 6 गोल्ड, 8 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज समेत कुल 19 मेडल दिला चुके हैं। शूटर्स ने 2006 के दोहा एशियन गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ा। तब भारत ने 3 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज सहित शूटिंग के 14 मेडल जीते थे। एक दौर ऐसा भी आया, जब भारतीय निशानेबाजों को बैंकॉक एशियन गेम्स-1978 से बिना मेडल के लौटना पड़ा था। भारत को हांगझोऊ गेम्स में टीम इवेंट के शामिल होने का फायदा हुआ। इन गेम्स में दो टीम इवेंट शामिल किए गए हैं। भारत को मिले 6 गोल्ड में से 4 टीम इवेंट से ही आए हैं। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया- ओलिंपिक से मिक्स्ड इवेंट हटने के बाद एशियाड से भी टीम इवेंट को हटा दिया गया था। 2014 और 2018 के गेम्स में टीम इवेंट नहीं था। इस बार टीम इवेंट गेम्स में शामिल किए गए हैं और इसका फायदा भारत को मिला है।




फैक्टर-2- जूनियर प्रोग्राम से युवाओं की फौज का तैयार होना

2012 में NRAI ने युवा टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए जूनियर प्रोग्राम शुरू किया और बजट का 50त्न पैसा इस पर खर्च करना शुरू किया। इस प्रोग्राम के तहत जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में टॉप पर रहने वाले शूटर्स के लिए पूर्व इंटरनेशनल शूटर्स की निगरानी में कैंप लगाए जाने लगे। इससे टोक्यो ओलिंपिक-2020 के लिए भारत शूटिंग में सबसे ज्यादा 15 कोटा हासिल कर सका और चीन (25) के बाद सबसे ज्यादा कोटा हासिल करने वाला देश बना।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, सोमवार 2 अक्टूबर 2023

# स्वच्छता सेवा अभियान से जुड़कर सुनील रामदास ने दिया सफाई का संदेश

## नगर में भाजपा द्वारा चलाए गए विभिन्न सफाई कार्यक्रमों में सुनील रामदास हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अह्वान पर चल गये स्वच्छ भारत से स्वस्थ भारत अभियान को गति देने के लिए भाजपा द्वारा नगर के कई स्थानों पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें से दो कार्यक्रमों में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील रामदास शामिल हुए।





भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष डिग्री लाल साहू के नेतृत्व में नगर के निकले महादेव मंदिर परिसर को सफ ाई के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील रामदास शामिल हुए और उन्होंने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफ ाई अभियान में अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, मुकेश जैन, राष्ट्रीय मोर्चा सदस्य श्रीकांत सोमावार, सुनील रामदास, प्रदेश सह संयोजक अनुपम पाल, पवन शर्मा, शहर भाजपा मंडल के अध्यक्ष डिग्री लाल साहू, पार्षद सीनू राव, पार्षद अशोक यादव, महामंत्री सुमित शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मितेश शर्मा, राजा चौबे, जुगनू राठौर, ब्रज किशोर शर्मा, राजेश पाण्डेय, श्रवण सिदार, राजा ठाकुर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा, लक्ष्मी वैष्णव, ज्ञानु मोदी, पार्षद खूलू सारथी, नेहा देवांगन, भुनेश्वर साहू आदि भाजपा के पदाधिकारी व दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मोदी के आह्वान पर श्रमदान देकर कर नगर को स्वच्छ बनाने की सुन्दर पहल की।

### जुटमिल छठ घाट में भी की गयी सफाई

जूट मिल के छठ घाट में भी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा सफ ाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भी सुनील रामदास ने पूरी तन्मयता से कुदाल चलाकर छठ घाट की सफाई की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, राष्ट्रीय मोर्चा सदस्य श्रीकांत सोमावार, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य विवेक रंजन सिन्हा, जुटमिल मंडल प्रभारी व जिला मंत्री रत्थू लाल गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील रामदास, उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश पाण्डेय बब्ल, उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश पाण्डेय बब्ल, उपाध्यक्ष विकास केडिया, जुटमिल मंडल अध्यक्ष शशि कांत शर्मा, प्रदीप श्रृंगी, भाजपा नेत्री शीला तिवारी, मण्डल महामंत्री व पार्षद मुक्ति नाथ बबुआ, शैलेश माली, संदीप क्षत्री, गौतम चौधरी, दिनेश दिनकर सहित भाजपा के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने श्रमदान दिया।

### सफाई अभियान पर सुनील रामदास के विचार

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील रामदास ने कहा कि स्वच्छता मानवीय जीवन से जुड़ी हुई, एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। क्योंकि गंदगी के कारण विभिन्न प्रकार की बिमारियां होती हैं और मानवीय शरीर को परेशान करने वाली समस्याओं की उत्पत्ति का कारक भी गंदगी ही होती है। यही कारण है कि गांधी के संकल्पों को आगे बढ़ते हुए, मोदी ने भारत को स्वच्छ राष्ट्र से स्वस्थ राष्ट्र बनाने की मुहिम छेड़ी है। आगे उन्होंने कहा कि यदि समाज को स्वस्थ बनाना है, तो स्वच्छाता पर देश के हर एक नागरिक को ध्यान देना होगा। क्योंकि स्वच्छता एक नागरिक कर्तव्य है, उसका हमें पालन करते हुए, मोदी के बताए गये रास्ते पर चलकर देश को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना होगा।

## एक नजर

भाजपा नगर मंडल सक्ती के द्वारा अस्पताल परिसर की सफाई

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सक्ती के द्वारा 1 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को गांधी जयंती के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य




केंद्र सक्ती में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें आने वाले 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत का सपना लिए हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री सम्माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे भारत भर में स्वच्छता को लेकर कटिबध है सक्ती नगर के सभी ज्येस्ट श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, कोषाध्यक्ष राम नरेश यादव, रंजन सिन्हा, दीपक गुप्ता, सैय्यद आबिद,उदय वर्मा, मनोज सिसौदिया,अन्नपूणिमा राठौर,चेतन साहू,दादू दयाल केवट, गोविंद निराला, धर्म रात्रि, साहू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मां नाथलदाई परिसर में जिला स्तरीय श्रमदान में किया गया सफाई

### श्रद्धालुओं के साथ लिया गया निष्पक्ष मतदान और स्वच्छता का संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



जिले के दर्शनीय स्थल मां नाथलदाई मंदिर परिसर टिमरलगा में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश में नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, सीईओ सारंगढ़ संजू पटेल सहित बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर के तहत साफ-सफाई की और स्वच्छता का संकल्प लिया। नोडल अधिकारीचौहान ने इस अवसर पर बिहान की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कि हम सभी अपने घर आंगन, गली मोहल्लों को साफ रखें। साथ ही साथ डेंगू बीमारी से बचाव के लिए घर के कूलर, पुराने टायर, बर्तन आदि में भी जमा पानी को फेंक कर साफ रखें ताकि डेंगू के लिए कारक मच्छर अपना लार्वा विकसित नहीं कर सके। जिला स्तरीय इस श्रमदान के दौरान मां नाथलदाई परिसर में आए श्रद्धालुगणों के साथ मतदान शपथ का भी आयोजन किया गया।

## मंत्री जयसिंह ने पांच साल पहले का वादा नहीं निभाया: कुंआभट्टा में कड़ा विरोध, कार्यक्रम करना पड़ा निरस्त

**कोरबा,** । नगर के कुंआभट्टा में सोनी समुदाय के भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम स्थानीय निवासियों के भारी विरोध के चलते निरस्त हो गया। कोरबा विधायक और राजस्व मंत्री परवादा खिलाफी का आरोप है। मंत्री ही भूमि पूजन करने वाले थे। मामला शुक्रवार का है। सोनी समाज के भवन का भूमिपूजन से जुड़ा हुआ है। नगर निगम के सभापति श्याम सुंदर सोनी सुबह के समय भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास की तैयारी में पहुंचे। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के आतिथ्य में कार्यक्रम होना था। मंत्री पहुंचते उससे पहले ही कुंआभट्टा के लोग मुख्य मार्ग पर जमा होकर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का विरोध करने लगे।

# अमझर में किया गया वृद्धजनों का सम्मान

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम मोनिका वर्मा ने सियान के सुरता थीम पर सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम अमझर में जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में आयुर्वेद, एलोपैथी, होम्योपैथी आदि की टीम ने ग्रामीणों का इलाज किया और नि:शुल्क दवा वितरण किया। समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रांजल दिव्यांग मानसिक विद्यालय सारंगढ़ के बच्चों ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। सौम्या तिवारी ने वृद्धजनों के सम्मान से संदर्भित भाषण प्रस्तुत की। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के कार्यालयीन पेंशन आदि का कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने वृद्धजन दादा-दादी,नाना.नानी सहित सभी जरूरतमंद वृद्धजनों का जिस भी परिस्थिति में जो संभव हो, वो सहायता सदैव करनी चाहिए। यही हमारा धर्म है। विशिष्ट अतिथि नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान ने ष्झन भूलो मां बाप ल गीत गाकर वृद्धजनों के सम्मान के लिए अपने कर्त्तव्य का पालन करने के लिए कहा। इस अवसर पर वृद्धजनों का सम्मान, ट्रायसायकल वितरण तथा वृद्धजनों के साथ सामूहिक भोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ सारंगढ़ संजू पटेल, सारंगढ़ बीएमओ डॉ. सिदार और आयुर्वेद डॉ. बीआर पटेल, डीपीएम इजारदार, उनके चिकित्सकीय दल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, एनएसएस एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एनएच मार्ग तानाखार स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर बोलेरो में टक्कर

### बोलेरो के उड़े परखच्चे हादसे में दो सगे भाइयों की गई जान

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।



कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाईवे 130 तानाखार पेट्रोल पंप के पास दर्दनाक सड़क हादसा घटित हुआ हैं। ट्रेलर और बोलेरो की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बोलेरो चालक सहित एक अन्य की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई वही ट्रेलर की चपेट में आकर एक मवेशी की भी मृत्यु हो गई। इस घटना का कारण सड़क पर बैठे मवेशियों को माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार दोनों मृतक सगे भाई बताए जा रहे हैं दोनों भरतपुर से अपने पिता को लेने बिलासपुर जा रहे थे। दोनों मृतक की पहचान ज्ञान दुबे व प्रेम दुबे के रूप में कि गयी हैं। चालक का शव बोलेरो में फंसे होने से डायल 112 व एम्बुलेंस की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कटघोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

## डीडीयू-जीकेवाय की मनाई गई एल्युमिनी मीट

**कोरबा** ।बिहान योजनांतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना कार्यक्रम के तहत् जिला मिशन प्रबंधन इकाई, जिला पंचायत कोरबा, छत्तीसगढ़ के द्वारा एल्युमिनी मीट 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कोरबा जिले के नामांकित परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी पीआईए द्वारा प्रशिक्षण उपरांत नियोजित बच्चों एवं उनके अभिभावक के अलावा संकुल स्तरीय संगठन के पदाधिकारी एवं बिहान के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के पदाधिकारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर श्री विकास चौधरी ने की। उप संचालक पंचायत सुश्री जुली तिर्की, श्रीमती अमिता साहू, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला पचांयत कोरबा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत-पाली श्री भूपेन्द्र सोनवानी के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के मार्गदर्शन दिया। नियोजित बच्चों के ने अपने-अपने जॉब के पूर्व एवं उपरांत अनुभव साझा किये गये। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड करतला के उद्यमी वर्षा यादव के द्वारा आर्थिक स्थिति बेहतर होने का अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम में राज्य कार्यालय के प्रतिनिधि श्री कमल के द्वारा डीडीयू-जीकेवाय अंतर्गत प्रावधानित योजना, प्लेसमेंट, प्रशिक्षण व राज्य के विविध उपलब्धियों को विस्तार से बताया।

# अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के शुभ अवसर पर तिलकडीह स्कूल में किया गया वृद्धजनों का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

1 अक्टूबर को अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला तिलकडीह, संकुल पोड़ी,विकासखंड कोटा में प्रधान पाठक ध्रुवा सिंह ध्रुव के पहल पर बलदाऊ सिंह श्याम ने ग्राम के वृद्धजनो को आमंत्रित कर सम्मान समारोह का आयोजित किया इस कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि भानुप्रताप कश्यप समाज सेवी एवं जनप्रतिनिधि को प्रधान पाठक ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण वृद्धजनो का स्वागत टीका.लगाकर श्रीराम पोर्ते ने ससम्मान उन्हें मंचाशीन किया। शिक्षक बलदाऊ सिंह श्याम,रामेश्वर नेताम रोजगार सहायक के द्वारा सभी बुजुर्गों का पुष्पगुच्छ से एवं प्रधान पाठक के द्वारा श्रीफ ल देकर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधि भानुप्रताप कश्यप के द्वारा बुजुर्गों के आंखों में आई ड्राप डालकर उनका स्वागत किया। वृद्ध महिलाओं को सृजना यादव सुपूत्री सुनीता यादव सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने साड़ी व भगवती सिंह सुपूत्री बलदाऊ सिंह श्याम ने वृद्ध सियान जनों को गमछा देकर सम्मान किया व आशीर्वाद लिया। इस उम्र में सम्मानित होकर वृद्धजन भावुक हो उठे। सम्मानित होने वालों में महिलाओं में रामिन बाई,जगर बाई,लक्ष्मिन बाई, रूपकुंवर,राजकुमारी,ईतवारा बाई,सोनमत बाई पुरुषों में रामप्रसाद,दुखुराम लालू साहू,तीतराराम,बहोरन मचकखढ़िहा थे। रोजी-रोटी की जद्दोजहद में जिंदगी कट गयी ऐसे में इस उम्र में सम्मान पाकर हमारा मन गदगद है। ग्राम वासियों ने बताया कि बलदाऊ सिंह श्याम के द्वारा हर साल यह कार्यक्रम शाला में आयोजित की जाती है। शिक्षक बलदाऊ सिंह श्याम का कहना है कि बड़े .बुजूर्ग बरगद के पेड़ की तरह होते हैं,जिनके आशीर्वाद की छाया में परिवार,शाला एवं गांव फ लीभूत होते हैं।उनके साथ से ही हम पुष्पित, पल्लवित होते हैं। कार्यक्रम का सफ ल संचालन बलदाऊ सिंह श्याम के द्वारा तथा व्यवस्था रामजी पोर्ते, रामेश्वर नेताम,कार्तिक राज ने किया। स्वल्पाहार के पश्चात प्रधान पाठक ध्रुवा सिंह ध्रुव ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।






# ग्राम ठाकुरमुड़ा में सांसद गोमती साय ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

### क्षेत्रवासियों ने जताया गोमती साय का आभार,नृत्य मंडली ने किया भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।





पत्थलगांव के ग्राम पंचायत घरजियाबथान के ठाकुरमुड़ा के ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पर सांसद गोमती साय ने अपने पिछले दौरे में सांसद निधि से सामुदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की थी जिसे पूरा करते हुए आज सांसद गोमती साय के मुख्य आतिथ्य में ग्राम ठाकुरमुड़ा में विधिवत पूजा अर्चना के साथ सामुदायिक भवन का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। ठाकुरमुड़ा पहुंचते हुए ग्रामवासियों व नृत्य मंडली ने भूमिपूजन कार्यक्रम में आये अतिथियों का भव्य स्वागत किया। आपको बता दे कि क्षेत्रीय सांसद गोमती साय हमेशा से विकास को लेकर चर्चा में रहती है और क्षेत्र का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता रहती है चाहे सड़क की बात हो,रेल कनेक्टिविटी की बात हो या अन्य मूलभूत सुविधाओं की बात हो वे हमेशा से संसद में क्षेत्र के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाकर मांग करती दिखाई पड़ती है।

ठाकुरमुड़ा में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस ग्राम को आज सामुदायिक भवन की सौगात सांसद निधि से मिल रही है ये हम कोई उपकार नहीं कर रहे हैं ये तो आप सभी का अधिकार है आप सभी के सहयोग से ही आज मैं देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद भवन में पहुंची हूं और आप सभी की आवाज बुलंद कर रही हूं। उन्होंने स्थानीय विधायक रामपुकार सिंह को घेरते हुए कहा कि 8 बार के विधायक होने का दावा करने वालो की वजह से ही पत्थलगांव क्षेत्र विकास से अछूता रहा है आज जगह-जगह समस्याओं का अंबार है कही सड़क,कही बिजली,तो कही पानी की समस्या की शिकायत मुझे हमेशा मिलती रहती है यदि 8 बार के विधायक विकास किये होते तो मोहल्ला मोहल्ला का विकास हो गया रहता एक भी पारा विकास से अछूता नही रहता। भाजपा विकास करने वाली पार्टी है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नया आयाम गढ़ रहा है और विश्व गुरु बनने की ओर लगातार अग्रसर है। हमे मोदी के साथ मजबूत करने के लिए आगामी चुनाव में अपने विधानसभा से भी भाजपा का विधायक बनाकर भेजना है जिससे डबल इंजन की सरकार बने और विकास को गति मिल सके। सामुदायिक भवन की सौगात के लिए क्षेत्र की जनता ने सांसद गोमती साय का आभार जताया। भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद गोमती साय के साथ जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल,जिला मंत्री मनीष अग्रवाल,सरपंच नंदकुमार कौशिक,बीडीसी,यादव समाज के अध्यक्ष नित्यानंद बेहरामहामंत्री अंकित बंसल,तीर्थमोहन यादवश्पवित्रमोहन बेहरा,नरेश यादव,योगेश यादव,जालंधर यादव,नवीन यादव,चंद्रमणि यादव,महिला मोर्चा से अंजू टोप्पो,भुनेश्वरी बेहरा के साथ ग्राम पंचायत घरजियाबथान के समस्त गणमान्य नागरिक,महिलाएं उपस्थित रही।

# कार्यकर्ताओं के उत्साह और एकजुटता से जशपुर में दोहराएगें 2003 का इतिहास- नीलकंठ मुंडा

झारखंड के विधायक और जशपुर जिला के चुनाव प्रभारी ने ली पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी तैयारी और प्रचार का कमान,झारखंड के खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ मुंडा सम्हालेगें। पार्टी के उच्च नेतृत्व ने विधायक मुंडा को विशेष जिम्मेदारी सौंपा है। शनिवार को नीलकंठ मुंडा जशपुर पहुंचे और जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनि भगत,पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता, महामंत्री द्वय भरत सिंह एवं मुकेश शर्मा शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए,पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने कहा कि खूंटी के विधायक नीलकंठ मुंडा के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के तीनो विधानसभा सीटों पर भाजपा की वापसी तय है। उन्होंने बताया कि विधायक मुंडा ने खूंटी विधानसभा क्षेत्र से पांच बार चुनाव जीता है। चुनावी रणनीति बनाने में कुशलता और अनुभव,चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होनें कहा कि जशपुर जिले के भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, एकजुट हो कर,कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार को,छत्तीसगढ़ से बाहर करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के उच्च पदाधिकारियों ने बूथ सशक्ती करण के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। इसके लिए प्रभारियों की नियुक्ती कर दी गई है। उन्होनें बताया कि 2 अक्टूबर तक बूथ और मंडलों का सत्यापन करना है। इसमें इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना है कि बूथ,मंडल और शक्ति केन्द्र के प्रभारी और अध्यक्ष सक्रियता से काम कर रहें हैं या नहीं। खूंटी के विधायक नीलकंठ मुंडा ने कहा जशपुर जिला भाजपा का सबसे मजबूत गढ़ रहा है। जशपुर की चर्चा,भाजपा के राष्ट्रीय संगठन की बैठकों में होती है तो इसका श्रेय यहां के कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होनें कहा कि इससे पहले वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में भी उन्हें जशपुर आने का अवसर मिला था। उस समय,दिलीप सिंह जूदेव की अगुवाई में जिस तरह अजितजोगी के नेतृत्व वाली कांग्रेसी सरकार को हम सबने उखाड़ कर फेंक दिया था। उस करिश्मा को इस चुनाव में फिर से दोहराना है। उन्होनें कहा कि खूंटी भगवान बिरसामुंडा की भूमि है। खूंटी को आंदोलन की भूमि कहा जाता है।

भ्रष्ट और आतातायी तंत्र के खिलाफ खूंटी से आवाज उठती है तो उसका नाश होना अवश्यसंभावी हो जाता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जो बूथ जीतो,चुनाव जीतो का जो मंत्र दिया है। उसे हम सबने साध लिया तो,विधानसभा और लोकसभा की चुनाव जीता सरल हो जाएगा। आवश्यक है कार्यकर्ताओं का एकजुट रहना। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, पूर्व विधायक राजशरण भगत, पूर्व विधायक रोहित साय, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत, जिला महामंत्री द्वय भरत सिंह, मुकेश शर्मा, विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता,ठाकुर पुरषोत्तम सिंह,केशव यादव, आनंद शर्मा,रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, सुनीति भोई, डीडीसी सालिक साय, शांति भगत, रीना बरला,गेंदबिहारी सिंह, अनिता सिंह, सरस्वती भगत, मनीजर राम सहित सभी मंडल के अध्यक्ष, भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### खनिज नियमों की अनियमितता पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की सख्त कार्यवाही

6 कोल वॉशरी पर लगाया 1.56 करोड़ का जुर्माना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की है। जिले के 6 लायसेंसधारी कोल वॉशरीज पर छत्तीसगढ़ खनिज नियम के उल्लंघन पर 1 करोड़ 56 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जो कि लायसेंस फीस की दुगुनी राशि है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की प्रभावी रोकथाम हेतु खनिज विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय संयुक्त दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बीते दो माह में जिले में अवैध खनिज परिवहन के कुल 18 प्रकरण दर्ज किये गये हैं, जिनसे कुल 7 लाख 93 हजार 433 रुपये अर्थदण्ड की राशि भी वसूल की गई है। जिला खनिज अधिकारी रायगढ़ योगेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पर्यावरण विभाग एवं जीएसटी के संयुक्त जांच दल द्वारा रायगढ़ जिले के कोल वाशरी का आकस्मिक जांच किया गया। जांच के दौरान 6 लायसेंसधारियों के विरूद्ध पायी गई अनियमितता के कारण छत्तीसगढ़ खनिज ,खनन, परिवहन तथा भण्डारण,नियम में निहित प्रावधान अंतर्गत अनुज्ञप्ति की फीस के दोगुने राशि का अर्थदण्ड कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा लगाया गया है। खनिज नियमों के उल्लंघन पर इन लायसेंसधारियों के ऊपर लगाया गया 1 करोड़ 56 लाख का अर्थदण्ड छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन तथा भण्डारण, नियमों एवं शर्तो के उल्लंघन पर अनियमिता पाये जाने के कारण जिन 6 लायसेंसधारियों के ऊपर 1 करोड़ 56 लाख रुपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। इनमें ग्राम.ढोलनारा, तहसील तमनार के मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड पर 20 लाख 40 हजार रुपये, ग्राम.चक्रधरपुर चुनचुना के मेसर्स शिव शक्ति स्टील प्रायवेट लिमिटेड पर 16 लाख 32 हजार रूपये, ग्राम.सराईपाली तहसील तमनार के मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल्स प्रा.लिमिटेड पर 10 लाख 32 हजार रुपये, ग्राम.नवापारा टेण्डातहसील घरघोड़ा मेसर्स फील कोल प्राय लिमिटेड पर 32 लाख 32 हजार रुपये, ग्राम.देहजरी तहसील खरसिया के मेसर्स केएल एनर्जी एण्ड कोल बेनिप्रायवेट लिमिटेड पर 36 लाख 32 हजार रुपये एवं ग्राम.छोटे डुमरपाली तहसील खरसिया के मेसर्स भाटिया एनर्जी पर 40 लाख 32 हजार रुपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। अवैध खनिज परिवहन के 18 मामले दर्जए 7 लाख 93 हजार 433 अर्थदण्ड की राशि की गई वसूल कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय संयुक्त दल द्वारा 22 अगस्त से 30 सितम्बर 2023 तक कुल 18 अवैध खनिज परिवहनकर्ताओं पर खान एवं खनिज ;विकास और विनियमनद्ध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते 7 लाख 93 हजार 433 रुपये अर्थदण्ड वसूल की गई है। अवैध उत्खनन प्रभावित और सीमावर्ती क्षेत्रों में रखी जा रही विशेष निगरानी, आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं अवैध भण्डारण पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे खनिजों के अवैध उत्खनन प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों को चिन्हांकित कर विशेष निगरानी रखें तथा ऐसे क्षेत्र के लिए समस्त पहुंच मार्ग को बाधित करने के आवश्यक सभी उपाय सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता अनुसार अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही को नियमित जारी रखें।

- 6 लायसेंस धारियों पर लगाया गया है लाइसेंस फीस का दुगुना अर्थदंड
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में अवैध उत्खन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के दिए निर्देश, आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही

## दिए गए निर्देशों पर शीघ्रता से पालन सुनिश्चित करें : सांसद

दिशा समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। उन्होंने जिले के दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने सिकलसेल की जांच करने, एनीमिया पीड़ित महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करने, स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने, दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने हेतु टाटपट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

दिशा समिति की विगत बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों की जानकारी ली और जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में आवश्यकतानुसार कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों को समय पर कार्य पूरा करने के साथ समय पर मजदूरी भुगतान के निर्देश दिए। सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा जिले में कराएं गए कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने कहा।

## डॉ. बीएसपी महाविद्यालय घरघोड़ा में स्वच्छता ही सेवा है एवं डेंगू जागरूकता कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।






शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबंद्ध डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में डॉ सुशील कुमार एक्का कार्यक्रम समन्वयक शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ एवं भोज राम पटेल जिला संगठन शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के निर्देश तथा संस्था के प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन एवं एसएल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के कुशल नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 30 सितम्बर को डेंगू जागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी व्याख्यान दिया गया। डेंगू के बढ़ते प्रकोप एवं नियंत्रण करने के लिए घर के कूलर टैंक को समय समय पर पानी को बदलते रहें,स्थिर पानी,गमले में अधिक पानी,टायरों में भरे पानी को साफ करना, फूल बाह वाली शर्ट पहने एवं मच्छरदानी, क्वाइल, मेट आदि का उपयोग कर डेंगू पर नियंत्रण पा सकते है।सभी वालेंटियरों को प्रेरित किया गया की अपने आस पड़ोस में रहने वाले को जागृत कर डेंगू से बचाव एवं स्वच्छता के प्रति विशेष अभियान चलाने के लिए संकल्प दिलवाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम सहायक दीपक सिंह ठाकुर एवं अजीत किंडो द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं बागवानी गुलाब बगीचा के खरपतवार की सफाई करते हुए स्वयं सेवकों द्वारा रासेयो के जोशीले नारे लगाए गए। शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं वर्तमान में फैले डेंगू जैसे घातक बीमारी के प्रति महाविद्यालय द्वारा चलाए जा जागरूकता कार्यक्रम को देख कर संस्था के अध्यक्ष अरूण कुमार पंडा द्वारा पूरे महाविद्याल स्टॉफ एवं सभी छात्र-छात्राओं की मुक्त कंठ से प्रसंशा किए और ऐसे ही जनजागृति वाले कार्यक्रम करते रहने के लिए प्रेरित किए, साथ ही समिति के सदस्य विजय कुमार डनसेना ने सभी स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन कर छात्रों का हौसला बढ़ाए, उन्होंने कहा की रासेयो ही मिल जुल कर कार्य करना सिखाता है रासेयो। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफसे रामप्यारे सूर्यवंशी,सतीश खलखो,चौहान चंद्रकांती साव,साहू मानसी मिश्रा, कु मोनिका लकड़ा, कु पद्मिनी भोय,मोहित सिंह सिदार,आसमती,संगीता चौधरी एवं स्वयं सेवकों में संजय राठिय,बोध राम चौहान,संजय पटेल, छोटू राठिया,लक्ष्मण,ममता राठिया,चित्ररेखा,सोनकुमारी,शांति, बजरंग,लालकुमार, सोन कुमारी,नीलकंठ,मीना आदि स्वयं सेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## स्वच्छता पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**कोरबा ।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत माध्यमिक शाला पुरानी बस्ती कोरबा में स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता चित्र लेखन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों में भाग लिया प्रथम द्वितीय तृतीय आए हुए छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा में श्रीमती कमलेश महोबिया शिक्षिका श्री बोधराम निषाद जी श्रीमती रामेश्वरी रात्रे श्रीमती यमुनाबाई राजवाड़े श्री पुष्पेंद्र साहू का सहयोग सराहनीय रहे श्री जेपी कोसले प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा पर विद्यालय में साफ सफई एवं स्वच्छता पर छात्रों को मार्गदर्शन की है विद्यालय भवन की स्वच्छता किया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय रायकेरा में स्वच्छता श्रमदान कार्य संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय रायकेरा में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत आज दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10बजे प्राचार्य एसके करण के दिशा निर्देश एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार पटेल के कुशल नेतृत्व में विद्यालय परिसर एवं उसके आसपास की साफसफाई की गई एवं रुके हुए पानी को साफ कर वहां ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर डेंगू रोगों की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया उक्त कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद हिंदी विद्यालय घरघोड़ा ने स्वच्छता कर दी सेवा भावना का संदेश

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कन्या शाला घरघोड़ा ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालयीन शिक्षक छात्राओं ने सामूहिक रूप से परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर माहात्मा गांधी के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का सामूहिक संकल्प लिया। नियमित रूप से शाला परिसर घरों में एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यक्तिगत रूप से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आज आवश्यकता हो गई है। शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता जैसी मूलभूत बिंदुओं पर छात्राओं ने विशेष ध्यान देने का संकल्प लेते हुए नगर में घरों के आसपास में सफाई रखने की बात कही। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा एवं प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा ने ष्स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को संबोधित किया एवं गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता की महत्ता पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सुभाषिनी पटनायक संदीप पाण्डेय विजय पंडा सानोद गुप्ता पीला राम लहरे त्रिलोक चक्रधारी सुधीर होता प्रतिभा बोहिदार सीमा लकड़ा प्रमोद साहू कमला चौहान एवं शिक्षक विजय पंडा ने उपस्थित होकर आसपास के क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता रूपी प्रतिकात्मक संदेश दिया। राहगीरों को एवं आसपास के रहवासी व्यवासायी बंधुओं को स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की।



## कोरबा की बेटी जयश्री नायर संगीत प्रस्तुति के लिए करेगी यूरोप की यात्रा

**कोरबा ।** कोरबा की बेटी जयश्री नायर आने वाले तीन माह के लिए यूरोप यात्रा पर रहेंगी। जहां वह सात से नौ देशों में भारतीय संगीत की अलग-अलग विधाओं का प्रस्तुतीकरण करेंगी। जिसमें शास्त्रीय संगीत के अलावा गज़ल भजन आदि होंगे। जर्मनी, निदरलैंड्स, स्वीडन, बेल्जियम,स्विजरलैंड इत्यादि देशों में अपने भारतीय संगीत ग्रुप अनुभूति ग्रुप के साथ प्रस्तुति देंगी। जयश्री चार साल की उम्र से ही शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ले रही है। अब खुद एक गुरु के रूप में अपनी संगीत संस्था जयश्री म्यूजिक एकेडमी का संचालन करती हैं। जहां वह बहुत से संगीत के विद्यार्थियों को संगीत शिक्षा देतीं हैं। साथ ही उन्होंने आनलाइन गुरु के रूप में भी अपनी पहचान है और अलग-अलग देशों में संगीत के शिक्षा दे रहीं हैं। अपनी बड़ी उपलब्धियां का श्रेय जयश्री अपने गुरु स्वर्गीय अमिताभ गुप्ता को अपनी माता रुक्मणी नायर को देतीं है। जिनके मार्गदर्शन से वह संगीत की ऊंचाइयां छू रही है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ ही नहीं भारत का गौरव बढ़ा रहीं हैं।

## आदिवासी विकास परिषद और संयुक्त किसान मोर्चा का विभिन्न मांगो को लेकर पदयात्रा

राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।




आदिवासी विकास परिषद और संयुक्त किसान मोर्चा ने आज संयुक्त रूप से विशाल पदयात्रा निकाला। आदिवासियो की अस्मिता और संवैधानिक अधिकारो की सुरक्षा और वन सुरक्षा अधिनियम 2023 सहित समान नागरिता को वापस लेने जैसे विभिन्न मांगो को पदयात्रा केन्द्रीत रहा। वही क्षेत्र की ऐसी ज्वलंत समस्याएं जिसका निराकरण छग बनने के 23वर्ष बाद भी नही हो सका इन मांगो को लेकर भी परिषद और किसान मोर्चा ने क्षेत्र में पदयात्रा निकालकर राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस पदयात्रा में आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम,जिला उपाध्यक्ष परदेशी नेताम,धनसिंग मरकाम,नरेन्द्र ध्रुव जिला सचिव,जयलाल पाथर ब्लाक अध्यक्ष,महेन्द्र नेताम,दालचंद ध्रुव,सरिता मरकाम महिला प्रकोष्ठ सहित किसान मोर्च के धनमति यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।

### क्षेत्र और समाज की इन 16 मांगो को लेकर ज्ञापन

परिषद और किसान मोर्चा ने जिन 16 मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा है उसमे प्रमुख रूप से अपतालो में डाक्टरों की कमी,गरियाबंद को आदिवासी जिला बनाने बेलाट नाला में पुल, बरही, दिवामुडा,डुमरबहाल के:अदुवन सहित ग्रामीण इलाको में सड़क सुविधा मुहैया कराने,देवभोघ ब्लाक को अकाल घोषित करने,महाविद्यालय के रिक्त पदो की पूर्ति करने,देवभोग को अनुसूचित ब्लाक घोषित करने, वन सुरक्षा अधिनियम 2023के संशोधन बील को वापस लेने,आदिवासी के मूल धर्म को जनगणना में अंकित करने,भू-अर्जन कानून को वापस लेने, उपार्जन को लागत मूल्य से दुगुनी समर्थन मूल्यों पर खरीदी करने,वनांचल में हाथी से हुये नुकसान पर मुआवजा देना प्रमुख मांग है।

### पदयात्रा नदीपार 36 गांव से देवभोग मुख्यालय तक

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम ने बताया परिषद और किसान मोर्चा का संयुक्त पदयात्रा नदीपार 36 गांव होते हुये देवभोग पहुंची जहां सभा के बाद एसडीएम के अनुपस्थिति में कार्यालय के लिपिक को ज्ञापन सौंपकर समापन किया। आदिवासी समाज और क्षेत्रीय समाज के समस्याओ को लेकर आगामी 3अक्टुबर को जिला में,जिले के बाद प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में पदयात्रा करेंगे।

# देख लो भूपेश सरकार आदिवासी बाहुल्य जिलो में शिक्षा का हाल, कोरबा जिले में 18 स्कूलों में बिना शिक्षकों के पढ़ाई कर रहे बच्चे

*आकांक्षी जिला कोरबा में सिसकता एजुकेशन सिस्टम 356 स्कूलों के बच्चों का भविष्य दांव पर,8 स्कूल शिक्षकविहीन 339 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे,अतिशेष शिक्षकों का न युक्तियुक्तकरण हुआ न डीएमएफ से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति देखें स्कूलों की सूची।*

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।





कहते हैं बिना गुरु के शिक्षा नहीं मिलती लेकिन कोरबा जिले में शिक्षा विभाग के चमत्कारिक नजरि, से बिना गुरु के शिक्षा पाने को मजबूर हैं 18 स्कूलों के बच्चे, इन 18 स्कूलों में शिक्षक ही नहीं है, बच्चे बिना शिक्षक के ही स्कूल में शिक्षा पाने पहुंच रहे और अपना भविष्य गढ़ने की कोशिश कर रहे।

आकांक्षी जिला कोरबा में शासन की अनदेखी की वजह से एजुकेशन सिस्टम दम तोड़ रही। स्कूल एवं शिक्षा विभाग की अदूरदर्शिता की वजह से 18 शासकीय विद्यालय 16 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन हैं वहीं 339 शासकीय विद्यालय 321 प्राथमिक एवं 17 माध्यमिक शाला एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे। अतिशेष शिक्षकों की जानकारी छुपा युक्तियुक्तकरण में फैल रही शिक्षा विभाग की वजह से इन स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों का भविष्य दांव पर लग गई है। यहां बताना होगा कि आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले को केंद्र शासन ने अकांक्षी जिलों में शामिल किया है। जहां शिक्षा,स्वास्थ्य एवं कृषि के पैरामीटर्स पर अभी भी बेहतर कार्य किए जाने की दरकार है। जिसे आकांक्षी जिले से बाहर लाने केंद्र एवं राज्य शासन के समन्वय के साथ विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। 110 आकांक्षी जिलों में पैरामीटर्स से जुड़े क्षेत्रों में कार्य करने एवं मॉनिटरिंग के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे। लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में अकांक्षी जिला कोरबा की प्रारंभिक स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। सूचना के अधिकार के तहत प्रदत्त जानकारी ने, आकंड़ों ने लचर शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। हैरान करने वाली बात है कि जिले के 18 शासकीय विद्यालयों में एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं इनमें 16 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक शाला शामिल हैं। शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में पोंडी उपरोड़ा ब्लाक से सर्वाधिक 12 विद्यालय शामिल हैं। इनमें प्राथमिक शाला में 11 एवं 1 माध्यमिक शाला शामिल हैं। कोरबा ब्लॉक के 4 प्राथमिक, कटघोरा ब्लॉक के 1 प्राथमिक शाला एवं पाली ब्लॉक से 1 माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन हैं। बात करें एकल शिक्षकीय स्कूलों की तो यहां स्थिति अत्यंत निराशाजनक है। जिले में 339 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे, इनमें 321 प्राथमिक शाला एवं 17 माध्यमिक शाला शामिल हैं। ब्लॉकवार आंकड़ों की बात करें तो सबसे लचर स्थिति पोंडी उपरोड़ा ब्लॉक की है। यहां 128 प्राथमिक एवं 14 माध्यमिक कुल 142 स्कूल एकल शिक्षकीय हैं। इसके बाद पाली का नंबर आता है जहां 74 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक कुल 76 शाला एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे। कोरबा में कुल 46 विद्यालय एकल शिक्षकीय हैं इनमें 45 प्राथमिक शाला एवं 1 माध्यमिक शाला शामिल हैं। करतला एवं कटघोरा में 37-37 प्राथमिक शाला एक एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे। जहां बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है।

## इन स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं

जिले के 18 स्कूल शिक्षकविहीन हैं । इनमें 16 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक शाला शामिल हैं। शिक्षकविहीन प्राथमिक शाला में पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड से धजाक,करमटिया रामपुर,मातिन,

केरईहापारा,जामपानी,सेंदुरगार,कुदरी,सड़कपारा,अमलडीहा,धवलपुर,तिलईडांड शामिल हैं। कटघोरा विकासखण्ड से प्राथिमक शाला बरेलीमुड़ा एवं कोरबा ब्लॉक के प्राथमिक शाला बरपानी,सांचरबहार खम्हुन एवं पेंड्रीडीह शामिल है। वहीं पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड के माध्यमिक शाला मेरई एवं पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड से माध्यमिक शाला उड़ान शिक्षकविहीन हैं।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–कोरबा (छ.ग.)

एकल शिक्षकीय पूर्व माध्यमिक शालाओ की सूची

| क्र. | वि.खं. | शाला का प्रकार | शाला का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कोरबा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा. जाताडांड |
| 2 | पाली | पूर्व माध्यमिक | मा.शा. पहाड़गांव |
| 3 | पाली | पूर्व माध्यमिक | मा.शा. तेलसरा |
| 4 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.धजाक |
| 5 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.अमझर |
| 6 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.दुल्लापुर |
| 7 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.बैरा |
| 8 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.जजगी |
| 9 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.हरदेवा |
| 10 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.कारीमाटी |
| 11 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.भुलसीभवना |
| 12 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.मदनपुर |
| 13 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.तुलबुल |
| 14 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.लोढ़ी बहरा |
| 15 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.केशलपुर |
| 16 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.तनेरा |
| 17 | पोंड़ी उपरोड़ा | पूर्व माध्यमिक | मा.शा.सहिलाभांठा |

जिला शिक्षा अधिकारी जिला–कोरबा (छ०ग०)

## ऐसे हो रहा संचालन

शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में व्यवस्थान्तर्गत संबंधित संकुलों के अतिशेष व अन्य शिक्षकों से मौखिक आदेश पर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। ताकि स्कूलों में एकदम से तालाबंदी की स्थिति निर्मित न हो। अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया एडीएमएफ से भी 212 अतिथि शिक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव एकब लेंगे सुध। शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने का प्रस्ताव शिक्षा विभाग ने स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन को भेजा है। इसका अधिकार डीईओ को नहीं होने की जानकारी सामने आ रही। वहीं डीएमएफ से भी 212 अतिथि शिक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव भेजा गया है। पर ये दोनों ही महत्वपूर्ण कार्य एक शासन तो दूसरा प्रशासन के पास लंबित है। पखवाड़े भर के भीतर विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी ऐसे में यह कार्य लटकती नजर आ रही है। कक्षा आठवीं तक बच्चों का सतत एवं समग्र मूल्यांकन लेकर उत्तीर्ण करना ही है लेकिन जब नींव ही कमजोर रहेगी तो इमारत कैसे मजबूत होगी जैसी कहावत चरितार्थ होगी। दसवीं बोर्ड में बच्चों की शिक्षा का सही आंकलन होगा। पिछले कुछ सालों से गिरता परीक्षा परिणाम इसे बयां करने में काफी है।

## डीईओ कार्यालय में अतिशेष शिक्षकों की जानकारी नहीं

इसे हैरान करने वाली बात कहें कि पूरे जिले की शिक्षा व्यवस्था का नियंत्रणकर्ता कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के यहाँ अतिशेष शिक्षकों की जानकारी ही नहीं है । जेडी के आदेश के बाद भी जानकारी छुपाई जा रही। यह बात गले नहीं उतर रही कि शिक्षकविहीन कल शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी संधारित करने वाले विभाग के पास कैसे अतिशेष शिक्षकों की जानकारी नहींया फिर किसी बड़े खुलासे की वजह से जानकारी छुपाई जा रही। डीईओ कार्यालय यह जानकारी बीईओ कार्यालय द्वारा संधारित होने की बात कह रही लेकिन इसे संकलित न करना भी तो जिला कार्यालय की विफलता है।

## शिक्षकविहीन स्कूल एक नजर में

ब्लॉक .प्राशा.मा.शा.योग, कोरबा .04 .00.04, करतला .00 .00.00, कटघोरा .01.00.01,पाली .00 .01 01, पोंडी उपरोड़ा .11.01.12,योग .16 .02.18 एकल शिक्षकीय स्कूल एक नजर में ब्लॉक प्रा.शा. मा.शा.योग कोरबा .45 .01.46,करतला .37 .00.37,कटघोरा .37.37.00,पाली .74 .02 .76,पोंडी उपरोड़ा .128.14.142,योग .321.17.338,

> “ डीईओ बोले शासन,प्रशासन को भेजा है प्रस्ताव अतिशेष शिक्षकों की जानकारी बीईओ कार्यालय में संधारित होती है। अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। यही नहीं डीएमएफ से 212 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति का प्रस्ताव भी प्रशासन के पास भेजा गया है।
>
> जीपी भारद्वाज
> डीईओ कोरबा

## एक नजर

### सेमरा गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़–गिधौरी।



महिला समिति ने सेमरा गांव में रविवार के दिन स्वच्छ ग्राम अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गांव के विभिन्न गलियों एवम नालियों की साफ–सफाई की गयी। सफाई अभियान के दौरान गलियों एवम नालियों में जमा कुड़ा.कर्कट को निकाल कर दूर फेंका गया। अभियान में अनुश्री निराला सत्यवती सुभद्र मधुबाला रूखमणि अंजुला पुनिमा शांति कौशल्या पवनमति गीता सृष्टि प्रिया चित्रलेखा अलावा अन्य शामिल थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान

### कार्यस्थल को स्वच्छ बनाए रखने पुलिसकर्मियों ने किया श्रमदान

थाना छाल में ली गई स्वच्छता की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़ – कुड़ेकेला।





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती से पहले आज 01 अक्टूबर को देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन एवं एडिशनल एसपी श्री संजय महादेव व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया निमिषा पाण्डेय के निर्देशन में आज सुबह थाना छाल में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के साथ पूरे कार्यालयीन स्टाफ द्वारा थाना छाल परिसर की साफ सफाई में योगदान दिया गया, तत्पष्चात स्वच्छता की शपथ ली गई । पुलिस विभाग में श्रमदान का विशेष महत्व भी है, विभाग में सप्ताह का एक दिन श्रमदान के लिये रखा जाता है जिसमें पुलिसकर्मी अपने थाना में रखे आर्म्स एवं मालखाने की साफ सफाई के साथ परिसर की साफ–सफाई करते हैं ।

# लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय में मनाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।




बेमेतरा जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में स्वच्छता ही सेवा अभियान बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्र सरकार के युवा एवं खेल कल्याण मंत्रालय के द्वारा 1 अक्टूबर को समस्त शासकीय संस्थाओं में 10 बजे से एक घंटे का श्रमदान करके स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया जो की महात्मा गांधी की जन्मतिथि पर स्वच्छ भारत के साथ स्वच्छांजलि अर्पित करना है। इसमें लक्षमण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकार सुश्री सरस्वती चौहान एनएसएस के स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय के समस्त छात्राओं एवं महाविद्यालय के समस्त विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ स्वाती चंद्रवंशी, डॉ विवेक कुमार देवांगन, डॉ टिकेंद्र वर्मा, डॉ दिनेश गायकवाड, डॉ विमलेश, संगीता पटेल,अजीत कुमार,शुभम जैन, सौरभ साहू, अशोक कुमार सोनी, सूरज सोनी, अंकित कुमार, दीनानाथ सारथी सहित समस्त छात्राओं के द्वारा एक घंटे का श्रमदान महाविद्यालय में साफ – सफाई एवं वार्ड क्रमांक 21 में स्थित गौठान में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ–सफाई किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. गौतम ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के समस्त स्वयं सेवकों एवं छात्राओं को नेक कार्य के लिए सराहना किया साथ ही साथ यह भी कहा की स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है, जिसके लिए पर्यावरण को बचाने के लिए स्वच्छता अभियान जरूरी है जो प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए अपनी स्वयं की जिम्मेदारी समझकर आगे आकर करनी चाहिए।



# छत्तीसगढ़ सिख समाज राज्य स्तरीय सम्मेलन में रविंद्र सिंह भाटिया उपस्थित रहे

जोहार छत्तीसगढ़–पालीडीह।



छत्तीसगढ़ सिख समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी आदरणीय रुकुमारी,सैलजा,उपमुख्यमंत्री टीएस बाबा,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय दीपक बैज विधायक, कुलदीप जुनेजा,पूर्व विधायक, गुरमुख सिंह होरा,अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष, महेंद्र सिंह छाबड़ा,खाद्य आयोग के अध्यक्ष, गुरप्रीत बाबरा,राज्य सहकारी संघ के उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटिया आर डी, चेयरमैन,सुभाष धुप्पड़,प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव, मलकीत सिंह गेदु,पूर्व महासचिव अमरजीत चावला,गुरबक्स सिंह छाबड़ा,सिक्ख समाज के संयोजक, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, बलदेव सिंह भाटिया,दिलीप सिंह होरा,राजनादगाव जिला कांग्रेस अध्यक्ष, कुलवीर सिंह छाबड़ा, सहित सैकड़ों की संख्या में संगत उपस्थित रही प्रथम सत्र में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स मनजीत सिंह सिरसा,सेक्रेटरी,एवम गुरमीत सिंह भाटिया दिल्ली से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जबलपुर से दलवीर सिंह जस्सल,बलविंदर कौर मान एवं इटारसी से परमजीत सिंह लाली भी उपस्थित हुए।




# फूफा बनकर बुआ के एक्सीडेंट के नाम पालिका सीएमओ से 70 हजार की ठगी

जोहार छत्तीसगढ़–गरियाबंद।




**आनलाइन ठगी के शिकार पालिका अधिकारी ने सीटी कोतवाली में मामला दर्ज कराया**

गरियाबंद में आनलाइन ठगी के शिकार का एक मामला सामने आया है जिसमें फर्जी फुफ्फा ने बुआ के एक्सीडेंट की ऐसी कहानी गढी की नगरपालिका सीएमओ आशिष तिवारी ठगी के शिकार हो गये। ठग ने 29 सितम्बर के शाम मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन कर बुआ के एक्सीडेंट होना बताया फि र आपरेशन की बात बताकर पैसा डालने को कहा जिस पर अधिकारी ने अपने खाते से ठग के महिन्द्रा कोटक बैंक खाते 8648709064 पर किश्तो में 70 हजार डाल दिये। ठग ने ये सब कुछ इतनी सफ ाई से किया की अधिकारी को उस वक्त तक ठगी का भनक तक नही लगा।इतना ही अज्ञात ठग ने आसानी से ठगी कर लेने के बाद और पैसा डलवाने दबाब बनाने लगा तो पालिका अधिकारी को उस पर शक हो गया। फि र अधिकारी ने अपने रिश्तेदारो को फोन कर वस्तुस्थिति पता किया तो बुआ का कोई एक्सीडेंट नही होना पता चला तब तक अधिकारी ने पहले 70 हजार ट्रांसफ र कर चुके थे।ठगी के शिकार का एहसास होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सिटी कोतवाली में इसकी रिपोर्ट लिखाई जिसके बाद पुलिस ने आईपीसी 420 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

## फेक कॉल से सावधान जिले में कई लोग हो चुके ठगी के शिकार

जिले में ये पहली घटना नहीं है इसके पहले भी जिले के देवभोग मैनपुर छुरा में फेक कॉल के जरिये कई लोग ठगी के शिकार हो चुके है। ठग विभिन्न तरीका अपना कर आनलाइन ठगी कर रहे है हालांकि पुलिस प्रशासन समय–समय पर इस प्रकार के ठगी को लेकर पहले से लोगों को चेताया है फिर भी ठग इतने शातिर होते है की लोगो को झांसे में लेकर धोखाधड़ी कर ही लेते है।

# हैवी वाहनों से गौरव पथ मुक्त कराने 55 दिन से धरना दे रहे लोगों को गिरफ्तार कर थाना ले गए

2 अक्टूबर को दी थी आंदोलन की चेतावनी, एसीबी कंपनी की गाड़ियों को चलवाने वैकल्पिक मार्ग का बहाना

जोहार छत्तीसगढ़ – कोरबा।

**दीपका में गौरव पथ को भारी वाहनों से मुक्ति दिलाने के लिए 48 दिन से जारी आंदोलन के मध्य आज प्रशासन ने अचानक हस्तक्षेप करते हुए आंदोलन के पंडाल को जब्त किया। साथ ही साथ उमागोपाल और बंशी दास को जबरदस्ती ले जाकर थाने में बैठा दिया गया।**



**भारी वाहनों के बंद होने पर ही खत्म होगा आंदोलन , गौरव पथ किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं - उमागोपाल**

उमागोपाल और बंशी के थाने में बैठाने कि खबर क्षेत्र में आग जैसे फैलने के साथ ही संगठन के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और थाना घेराव की तैयारी करने लगे। इसी बीच खबर आई की उमागोपाल और बंशी को केवल समझाइश देकर और 2 अक्टूबर के घोषित के आंदोलन को स्थगित करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है । गौरतलब है की गांधी जयंती के अवसर पर गौरव पथ संघर्ष समिति दीपका द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व दीपकाङ्गेवरा खदान बंदी का कार्यक्रम है जिससे क्षेत्र में एसईसीएल प्रशासन व पुलिस के हाथ–पांव फूले हुए हैं व क्षेत्र के ग्रामीणों का भी इस आंदोलन को समर्थन है ।

## वैकल्पिक मार्ग की कमी केवल बहाना – बंशीदास

शासन प्रशासन केवल एसीबी कंपनी को गाड़ियों को चलवाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का बहाना कर रही है । सच्चाई तो यह है की सभी गंतव्यों के लिए ट्रांसपोर्टरों के पास वैकल्पिक मार्ग पहले से ही उपलब्ध है । दीपका क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए शासन को गौरव पथ में भारी वाहनों को तत्काल बंद करवाना चाहिए।

**जेल भेजने के नाम से डराना बंद करे प्रशासन –उमागोपाल**

उमागोपाल ने कहा की शासन प्रशासन हम आंदोलनकारियों को डराना बंद करे और असल में अगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए जाने के पक्षधर हैं तो गौरव पथ में भारी वाहन चलाना बंद करे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in